Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्ष: 6 अंक: 200 | मंगलवार, 22 जुलाई -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

### बारिश से हाहाकार

## जम्मू-कश्मीर, हिमाचल और उत्तराखंड में 400 से अधिक सड़कें बंद, 4 की मौत

**नई दिल्ली/शिमला/देहरादून।**

हिमाचल प्रदेश में सोमवार को रेड अलर्ट के बीच भारी बारिश हुई। चंबा के चुराह के नेरा में बादल फटने से मैहला में पहाड़ी से चट्टान घर पर गिर गई, जिससे भीतर सो रहे नवविवाहित जोड़े की मौत हो गई। खराब मौसम के चलते तीन जिलों के कुछ उपमंडलों में स्कूल बंद करने पड़े। भारी बारिश से पश्चिमी हिमालयी राज्यों जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में एक बार फिर तबाही मची है। बारिश के कारण अलग-अलग घटनाओं में चार लोगों की मौत हो गई है। तीन राष्ट्रीय राजमार्ग समेत 400 से अधिक सड़क मार्ग बंद हो गए और हजारों लोग बीच सफर में फंस गए। हिमाचल में भारी बारिश को लेकर जारी अलर्ट के चलते स्कूलों में छुट्टियां कर दी गई हैं। हिमाचल प्रदेश में सोमवार को रेड अलर्ट के बीच भारी बारिश हुई। चंबा के चुराह के नेरा में बादल फटने से मैहला में पहाड़ी से चट्टान घर पर गिर गई, जिससे भीतर सो रहे नवविवाहित जोड़े की मौत हो गई। खराब मौसम के चलते तीन जिलों के कुछ उपमंडलों में स्कूल बंद करने पड़े। किन्नौर में टोंगटोंगचे नाले में भी बाढ़ आई। किन्नौर कैलाश यात्रा भी खराब मौसम के चलते एक दिन के लिए बंद करनी पड़ी। प्रदेश में तेज बारिश से सतलुज समेत सभी नदियां उफान पर हैं। सोमवार को शिमला, कुल्लू व कांगड़ा के हवाईअड्डों पर सभी उड़ानें रद्द हो गईं। मंडी जिले के सराज में बारिश से फिर हालात बिगड़ गए हैं। थुनाग, लंबाथाच व जरोल में नाले उफान पर होने से घरों को बाढ़ का खतरा बन गया है। प्रदेश में तीन नेशनल हाईवे मंडी-कुल्लू, मंडी-पठानकोट, शिलाई-पांवटा साहिब समेत 398 सड़कें, 682 बिजली ट्रांसफार्मर और 151 पेयजल योजनाएं ठप रहीं। प्रदेश में जगह-जगह 250 बसें फंस गई हैं।



### उत्तराखंड में गिरी चट्टानें

उत्तराखंड के पिथौरागढ़ में पीपली के ड्योड़ा में बकरियां चराने गया सोबन सिंह (35) पुत्र हीरा सिंह काली नदी में बह गया। चीन सीमा को जोड़ने वाली धारचूला–तवाघाट–लिपुलेख सड़क चट्टानें टूटने से बंद हो गई। चोरगलिया के शेरनाले में पानी बढ़ने से 10 लोगों से भरी स्कार्पियो बह गई। उनकी चीखपुकार सुनकर मौके पर पहुंचे स्थानीय लोगों ने उन्हें किसी तरह बाहर निकाला।

## धनखड़ का उपराष्ट्रपति पद से इस्तीफा, स्वास्थ्य का दिया हवाला



**नई दिल्ली।**

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने सहयोग और स्नेह के लिए राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, मंत्रिपरिषद और सांसदों का आभार व्यक्त किया। धनखड़ ने कहा कि भारत की प्रगति का साक्षी बनना उनके लिए गर्व और सम्मान की बात रही है।

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने सोमवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। धनखड़ ने अपने इस्तीफे में लिखा, 'मैं स्वास्थ्य को प्राथमिकता देते हुए और डॉक्टरों की सलाह का पालन करते हुए भारत के उपराष्ट्रपति पद से तत्काल प्रभाव से इस्तीफा देता हूं। यह इस्तीफा संविधान के अनुच्छेद 67(ए) के अनुसार है। मैं भारत की माननीय राष्ट्रपति को हार्दिक धन्यवाद देता हूं, जिन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान मुझे लगातार सहयोग और एक शांतिपूर्ण कार्य संबंध प्रदान किया। यह मेरे लिए बेहद सुखद अनुभव रहा।' उन्होंने आगे कहा, 'मैं माननीय प्रधानमंत्री और मंत्रिपरिषद का भी आभार प्रकट करता हूं। प्रधानमंत्री का सहयोग मेरे लिए बेहद मूल्यवान रहा है और मैंने अपने कार्यकाल के दौरान उनसे बहुत कुछ सीखा है। धनखड़ ने कहा, मुझे माननीय सांसदों से जो स्नेह, विश्वास और अपनापन मिला, वह मेरे लिए सदा अमूल्य रहेगा और मेरी स्मृति में अंकित रहेगा। मैं इस महान लोकतंत्र में उपराष्ट्रपति के रूप में मिले अमूल्य अनुभवों और ज्ञान के लिए अत्यंत आभारी हूं।' उन्होंने आगे लिखा कि इस महत्वपूर्ण कालखंड में भारत की अभूतपूर्व आर्थिक प्रगति और असाधारण विकास का साक्षी बनना और उसमें सहभागी होना मेरे लिए गर्व और संतोष की बात रही है। हमारे राष्ट्र के इस परिवर्तनकारी युग में सेवा करना मेरे लिए एक सच्चा सम्मान रहा है। जब मैं इस प्रतिष्ठित पद को छोड़ रहा हूं, तो मैं भारत के वैश्विक उत्थान और उसकी अद्भुत उपलब्धियों पर गर्व से भर जाता हूं, और उसके उज्ज्वल भविष्य में मेरी पूर्ण आस्था है। भारत के उपराष्ट्रपति के एक्स हैंडल से धनखड़ की तस्वीर को हटा दिया गया है। देश के इतिहास में यह दूसरा मामला है, जब किसी उपराष्ट्रपति ने अपना कार्यकाल पूरा करने से पहले उस पद से इस्तीफा दिया है।

**राष्ट्रपति को सौंपा त्यागपत्र**

### बांग्लादेश वायु सेना का विमान ढाका के स्कूल में दुर्घटनाग्रस्त 1 की मौत, 100 से ज्यादा घायल



**नई दिल्ली।** टेलीविजन फुटेज में दुर्घटनास्थल से आग और काले धुएं का गुबार उठता दिखाई दे रहा था, जबकि बचावकर्मी घायलों को अस्पताल ले जाने के लिए दौड़ रहे थे। दृश्यों में कुछ छात्र जले हुए और अत्यधिक खून से लथपथ अवस्था में अराजकता के बीच इधर-उधर भागते हुए दिखाई दे रहे थे। बांग्लादेश वायु सेना का एक प्रशिक्षण विमान सोमवार को ढाका में एक स्कूल की इमारत से टकरा गया, जिसमें कम से कम एक व्यक्ति की मौत हो गई और 100 अन्य घायल हो गए। चीन निर्मित यह ऋ-7 विमान ढाका के उत्तरा इलाके में माइलस्टोन स्कूल और कॉलेज की इमारत से टकराया। यह दुर्घटना उस समय हुई जब कक्षाएं चल रही थीं।

टेलीविजन फुटेज में दुर्घटनास्थल से आग और काले धुएं का गुबार उठता दिखाई दे रहा था, जबकि बचावकर्मी घायलों को अस्पताल ले जाने के लिए दौड़ रहे थे। दृश्यों में कुछ छात्र जले हुए और अत्यधिक खून से लथपथ अवस्था में अराजकता के बीच इधर-उधर भागते हुए दिखाई दे रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि एम्बुलेंस आसानी से उपलब्ध न होने के कारण, सेना के जवानों ने घायल छात्रों को अपनी गोद में उठाकर रिक्शा वैन और अन्य वाहनों से अस्पताल पहुँचाया।

## बिजली कटौती, निजीकरण और यूरिया खाद की किल्लत को लेकर कांग्रेस का हल्लाबोल

**लखनऊ।**

उत्तर प्रदेश के सभी जिलों में आज कांग्रेस द्वारा विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। यह प्रदर्शन बिजली काटौती, निजीकरण और यूरिया खाद की किल्लत के विरोध में किया जाएगा। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने बताया कि मंगलवार को प्रदेश के सभी जिलों में विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। यह प्रदर्शन बिजली काटौती, निजीकरण और यूरिया खाद की किल्लत के विरोध में किया जाएगा। सभी जिला /तहसील/ब्लाक मुख्यायलों पर प्रदर्शन कर ज्ञापन दिया जाएगा। वहीं, कांग्रेस पंचायत चुनाव अकेले लड़ेगी। इस चुनाव के जरिए वह 2027 विधानसभा चुनाव का बिगुल फूंकेगी। यही वजह है कि संगठन सृजन में एड़ी चोटी का जोर लगाया जा रहा है। हर कार्यकर्ता को एकता का पाठ पढाया जा रहा है। बूथ को सक्रिय करके पंचायत चुनाव में अपनी उपस्थिति दर्ज कराने की अपील की जा रही है। सोमवार को कांग्रेस प्रदेश मुख्यालय में भी संगठन सृजन को 2027 फतह का मूल मंत्र बताया गया। बैठक में मौजूद प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय ने कहा कि संगठन सृजन सिर्फ कार्यकारिणी गठित करने के लिए नहीं हो रहा है बल्कि यह एक ऐसा प्रदेश व्यापी अभियान है जिसका लक्ष्य 2027 का विधानसभा चुनाव है। हम आगामी पंचायत चुनाव में अपने दम पर लड़ेंगे और इन्हीं चुनावों में 2027 के रण का बिगुल फूंक देंगे। पहला चरण 15 अगस्त 2025 तक बूथ स्तर तक की कार्यकारिणी गठित कर पूरा हो जाएगा। प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि जनता का आक्रोश दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। अब वह समय दूर नहीं जब लोग अपने वोट की चोट से इस तानाशाही सरकार को बदल देंगे। इस दौरान पूर्व सांसद पीएल पुनिया, एपी गौतम एवं रविप्रकाश वर्मा, विधायक श्री वीरेन्द्र चौधरी, पूर्व मंत्री श्री नसीमुद्दीन सिद्दीकी, अनिल यादव आदि मौजूद रहे।



### जोनवार चल रही है बैठक

संगठन सृजन अभियान के तहत समीक्षा बैठकें 16 जुलाई से पश्चिम जोन के मेरठ से शुरू हुई हैं। 17 जुलाई को ब्रज जोन के जनपद अलीगढ़, बुंदेलखंड जोन के जनपद झांसी, प्रयाग जोन के जनपद प्रयागराज, पूर्वांचल जोन के जनपद गोरखपुर में बैठकें हो चुकी है। इसी के तहत सोमवार को लखनऊ में बैठक हुई।

### स्कूलों में सुरक्षा के होंगे पुख्ता इंतजाम

**नई दिल्ली।** रिकॉर्डिंग को कम से कम 15 दिनों तक संग्रहीत किया जाना चाहिए और आवश्यकता पड़ने पर अधिकारियों द्वारा समीक्षा के लिए उपलब्ध रखा जाना चाहिए। कक्षाओं और सार्वजनिक क्षेत्रों में सीसीटीवी लगाना अनिवार्य है। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने सोमवार को अपने सभी संबद्ध स्कूलों को ऑडियो-विजुअल रिकॉर्डिंग क्षमता वाले उच्च-रिजॉल्यूशन वाले सीसीटीवी कैमरे लगाने का निर्देश दिया। इस नए उपाय का उद्देश्य स्कूल परिसरों में सुरक्षा बढ़ाना है और छात्रों और कर्मचारियों दोनों के लिए अक्सर उपलब्ध रहने वाले विभिन्न क्षेत्रों को कवर करना है। सभी सीबीएसई-संबद्ध स्कूलों को अब एक सीसीटीवी प्रणाली लागू करनी होगी जो वास्तविक समय की ऑडियो-विजुअल निगरानी का समर्थन करती हो।

## जस्टिस यशवंत वर्मा के खिलाफ महाभियोग की प्रक्रिया शुरू



**नई दिल्ली।**

जले हुए नोटों के मामले में फंसे इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस वर्मा के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव लाने के लिए राज्यसभा और लोकसभा दोनों में 208 सांसदों ने नोटिस दिया है। इनमें 145 सांसदों के हस्ताक्षर के साथ लोकसभा के पीठासीन अधिकारी को नोटिस सौंपा गया है, वहीं राज्यसभा में दिये नोटिस में 63 सांसदों के हस्ताक्षर हैं। कानून के मुताबिक जस्टिस वर्मा के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव के लिए राज्यसभा में कम से कम 50 सांसदों और लोकसभा में 100 सांसदों द्वारा नोटिस दिया जाना जरूरी है। देखना यह है कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा गठित कमेटी की रिपोर्ट को आधार बनाते हुए संसद में सीधे महाभियोग प्रस्ताव पर चर्चा शुरू होती है या फिर आरोपों की जांच के लिए नई कमेटी का गठन किया जाता है। लोकसभा में दिए गए नोटिस में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी समेत भाजपा नेता रविशंकर प्रसाद व अनुराग ठाकुर, राकांपा (शरद पवार) की सुप्रिया सुले, कांग्रेस के केसी वेणुगोपाल व के सुरेश, डीएमके के टीआर बालु, आरएसपी के एनके प्रेमचंद्रन और इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग के ईटी मोहम्मद बशीर के हस्ताक्षर शामिल हैं। वहीं, कांग्रेस सांसद सैयद नसीर हुसैन के अनुसार राज्यसभा में दिये नोटिस में 63 विपक्षी सांसदों के हस्ताक्षर हैं।

**208 सांसदों ने दिया नोटिस**

## शहीद दिवस रैली में ममता बनर्जी की हुंकार

**नई दिल्ली।**

बनर्जी के तीखे भाषण में पश्चिम बंगाल में एनआरसी नोटिस से लेकर भाजपा शासित राज्यों में बंगालियों को निशाना बनाने, कथित तौर पर उन्हें डिटेंशन कैंपों में डालने और मतदाता सूची से उनके नाम हटाने के प्रयासों तक, कई मुद्दों पर बात की गई। पश्चिम बंगाल में 2026 में होने वाले विधानसभा चुनावों से पहले अपनी 'बंगाली अस्मिता' (गौरव) की बात को तेज करते हुए मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को भाजपा पर बंगालियों पर भाषाई आतंकवाद फैलाने का आरोप लगाया और कहा कि पहचान और भाषा की लड़ाई तब तक जारी रहेगी जब तक कि भगवा पार्टी राज्य और केंद्र दोनों में हार नहीं जाती।




## सीएम स्टालिन की तबीयत बिगड़ी, हल्के चक्कर आने के बाद अस्पताल में भर्ती

**चेन्नई।**

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन सोमवार सुबह सैर करने के लिए घर से निकले थे। इस दौरान उन्हें हल्के चक्कर आ गए, जिसके बाद उन्हें निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। डॉक्टरों ने सीएम को तीन दिन आराम करने की सलाह दी है। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन की सोमवार सुबह सैर के दौरान अचानक तबीयत बिगड़ गई। उन्हें हल्के चक्कर आने के बाद एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। डॉक्टरों ने उन्हें तीन दिन आराम करने की सलाह दी है। उपमुख्यमंत्री और उनके बेटे उदयनिधि स्टालिन ने इस संबंध में पत्रकारों से बात की। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री को तीन दिन आराम करने की सलाह दी गई है। उन्होंने यह भी बताया कि सीएम स्टालिन की हालत में सुधार हो रहा है। उदयनिधि ने कहा, 'इलाज कर रहे डॉक्टरों ने उन्हें आराम करने की सलाह दी है। पिछले दो-तीन महीनों के उनके व्यस्त कार्यक्रम ने उन पर काफी असर डाला है।' जब पत्रकारों ने उदयनिधि से पूछा कि सीएम को अस्पताल से कब तक छुट्टी मिलेगी। इसके जवाब में उन्होंने कहा कि जल्द ही। उदयनिधि ने दिन में सीएम स्टालिन से अस्पताल जाकर मुलाकात की। इसके बाद उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री को इस बात की चिंता है कि वह आज के आधिकारिक कार्यक्रमों में शामिल नहीं हो सके।



## मानसून सत्र के पहले दिन संसद में विपक्ष का हंगामा



**नई दिल्ली।**

पहलगाम आतंकी हमले तथा ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा कराए जाने की मांग करते हुए विपक्ष ने लोकसभा में मानसून सत्र के पहले दिन जोरदार हंगामा किया जिसके चलते कार्यवाही पूरे दिन के लिए स्थगित कर दी गई। हालांकि इस मुद्दे पर गतिरोध की नौबत टालने के लिए सरकार ने दोनों मुद्दों पर संसद के दोनों सदनों में हफ्ते चर्चा की हामी भर दी है। मगर बहस की तारीख को लेकर पक्ष विपक्ष में अभी सहमति नहीं बनी है। दोनों सदनों की कार्य मंत्रणा समिति की बैठक में पहलगाम आतंकी हमले तथा ऑपरेशन सिंदूर पर लोकसभा में 16 घंटे तो राज्यसभा में नौ घंटे चर्चा का प्रस्ताव है। विपक्षी इसी हफ्ते चर्चा पर जोर देते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से सदन में इसका जवाब दिए जाने की मांग कर रहा है। वहीं, सरकार का तर्क है कि पीएम मोदी इस हफ्ते विदेश यात्रा पर रहेंगे इसलिए अगले हफ्ते चर्चा कराई जाएगी। अब विपक्ष यह चाहता है कि सरकार सदन में घोषणा करे कि प्रधानमंत्री ही चर्चा का जवाब देंगे। हालांकि नियमानुसार संबंधित मंत्री ही चर्चा का जवाब देते हैं। वहीं, बिहार में चुनाव आयोग के मतदाता सूची के विशेष सघन पुनरीक्षण विवाद के विपक्ष के दूसरे मुद्दे पर चर्चा को लेकर सरकार ने अभी किसी तरह का कोई संकेत नहीं दिया है। विपक्षी दलों ने मानसून सत्र के पहले दिन संसद के दोनों सदनों में पहलगाम आतंकी हमले के खिलाफ हुए ऑपरेशन सिंदूर तथा बिहार में मतदाता सूची पुनरीक्षण का मुद्दा उठाया।

## संपादक की कलम से

# मानसून सत्र मूसलाधार!

संसद का मानसून सत्र सोमवार से शुरू हो गया। यह सत्र 21 अगस्त तक चलेगा और इस दौरान 21 बैठकें तय की गई हैं। सरकार ने 17 विधेयक पेश और पारित करने हैं। हालांकि उनमें से कोई भी विवादास्पद नहीं लगता। क्या संसद का मानसून सत्र सुचारू रूप से चल पाएगा, बहस और विमर्श के जो मुद्दे और विषय हैं, क्या उन पर हंगामा नहीं होगा? संसद की कार्यवाही बाधित नहीं होगी और बार-बार सदन स्थगित करने की नौबत नहीं आएगी? ये कुछ अहम सवाल हैं, जो संसद के प्रत्येक सत्र से पहले उठाए जाते रहे हैं। दरअसल ये सवाल अनिवार्य हो गए हैं, क्योंकि यह परंपरा बन चुकी है कि संसद की कार्यवाही के दौरान विपक्ष ने हंगामा, नारेबाजी, पोस्टरबाजी करनी ही है। इस संदर्भ में आज का विपक्ष अरुण जेतली और सुषमा स्वराज के पुराने बयानों को दोहराता रहता है। आज दोनों नेता दिवंगत हैं, लेकिन बयान देने के वक्त वे प्रतिपक्ष के नेता थे। सदन में लगातार हंगामा कर, कई-कई दिनों तक, कार्यवाही को बाधित करना हम लोकतंत्र नहीं मानते। हालांकि विरोध करने का, स्वतंत्र अभिव्यक्ति का, संविधान ने हमें मौलिक अधिकार दिया है, लेकिन संसद के भीतर उसकी गलत व्याख्या की जाती रही है। सदन में हुड़दंग मचाना, अध्यक्ष के आसन तक आकर नारेबाजी करना, नियमों की किताब फाड़ देना, मेजों पर चढ़ कर नृत्य की मुद्राएं बनाना कमोबेश किसी संसदीय लोकतंत्र के प्रतीक-चिह्न नहीं हैं। संसद में विरोध जताने के निश्चित नियम हैं अथवा सांसद व्यवस्था का सवाल उठा कर हस्तक्षेप कर सकते हैं, लेकिन बीते अतीत में भाजपा ने कई-कई दिनों तक संसद की कार्यवाही चलने नहीं दी थी, लिहाजा आज का विपक्ष भी प्रतिरोध जताते हुए वैसा ही करेगा, यह तो भारत के सर्वोच्च, गरिमापूर्ण मंदिर की कोई संसदीय विरासत नहीं होनी चाहिए। भारत दुनिया का सबसे बड़ा, विविध और सफल लोकतंत्र है, लिहाजा उसका गौरव और उसकी मयार्दा भी हमारे निर्वाचित सांसदों के हाथों में ही है। हमें यकीन है कि हमारे प्रतिपक्षी सांसद इन शब्दों को पढ़ कर सचेत और जागृत नहीं होंगे, क्योंकि हमारी राजनीति की बुनियाद और संचालन दकियानूसी और आलाकमानी है। इस बार भी कई मुद्दों पर विपक्ष के ढेरों सवाल हैं। सबसे अहम है-ऑपरेशन सिंदूर। पहलगाम नरसंहार, खुफिया तंत्र की नाकामी, गायब सुरक्षा-व्यवस्था, नतीजतन पाकिस्तान के साथ करीब 90 घंटे का युद्धनुमा संघर्ष, अमरीकी राष्ट्रपति ट्रंप का संघर्ष-विराम कराने का बार-बार दावा आदि सवाल ऑपरेशन सिंदूर से ही नत्थी हैं। भारत की विदेश नीति पर भी सवाल उठाए जाते रहे हैं। राष्ट्रपति ट्रंप के 4-5 लड़ाकू विमान गिराए जाने वाला बयान भी हमारी राष्ट्रीय सुरक्षा और सैन्य तैयारियों से जुड़ा है। विपक्ष इन सवालों पर संसद में प्रधानमंत्री मोदी के वक्तव्य का आग्रह करता रहा है। प्रधानमंत्री 23-24 जुलाई को ब्रिटेन और 25-26 जुलाई को मालदीव के प्रवास पर हैं। हालांकि संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने विपक्ष को आश्वस्त करने की कोशिश की है कि सरकार हर मुद्दे पर चर्चा करने और उसका माकूल जवाब देने को तैयार है। प्रधानमंत्री 27 जुलाई के बाद ही संसद में बयान दे सकेंगे, यदि वह चाहेंगे। हालांकि ऑपरेशन सिंदूर से जुड़े मुद्दों पर हमारी सेना का शीर्ष नेतृत्व और विदेश मंत्रालय कई बार स्पष्टीकरण दे चुके हैं, लेकिन विपक्ष के सवाल और संदेह यथावत हैं। वे प्रधानमंत्री का जवाब सुनना चाहते हैं। इसमें कुछ गलत भी नहीं है, क्योंकि प्रधानमंत्री संसद के प्रति जवाबदेह हैं। बिहार में चुनाव आयोग द्वारा विशेष गहन पुनरीक्षण के अभियान पर भी विपक्ष सशंकित है कि लाखों लोग मताधिकार से वंचित किए जा सकते हैं। यह घोर असंवैधानिक होगा। बेहद अहम सवाल है कि देश के करीब 44 लाख करोड़ रुपए सरकार आधार कार्ड, मनरेगा कार्ड के जरिए लोगों में बांटती है और चुनाव आयोग उसे वैध दस्तावेज मानने को तैयार नहीं। आखिर कौन है चुनाव आयोग? क्या वह देश की संवैधानिक व्यवस्थाओं से भी ऊपर है? कई और मुद्दे हैं, जिन पर विपक्ष सवालों की मूसलाधार करने के मूड में है। संसद की कार्यवाही का दायित्व दोनों पक्षों पर है। अकेली सरकार भी सदन नहीं चला सकती। सांसद इस बिंदु पर भी सोचें कि पहली लोकसभा के दौरान साल में 135 दिन तक संसद की कार्यवाही चलती थी, लेकिन अब सिकुड़ कर औसतन 55 दिन रह गई है।



ललित शर्मा
संपादक

## मोनिका डागा

### आई बरखा बहार

कविता



आई बरखा बहार, पड़ी रिमझिम फुहार,
गीत गा? मल्हार, खुश हुआ देखो संसार ।

बरसी बूँदों की झड़ी, बूँदे छोटी कुछ बड़ी,
हिय में खुशी फूट पड़ी, बॉधी प्रेम की कड़ी ।

अमृत बरसा? आसमान, झूम उठे हैं किसान,
धरती हुई है धनवान, आई चेहरे पर मुस्कान ।

सोम रस प्राणियों को मिला, पत्ता पत्ता खिला,
मीठा गीत गा? कोकिला, भूले सब शिकवा गिला ।

पक्षी गुनगुन करें शोर, झूम उठे बागों में मोर,
छाई घटा घनघोर, ₹आनंद₹ बिखरा चहुँ ओर ।

जीवन में रंग खुशी के छा?, कजरी गीत लुभा?,
झूला झूले नाचे गा?, सावन का त्योहार मना? ।

मेहंदी हाथों में रचाई, सजना के मन को भाई,
अणहद खुशियॉ छाई, जुग जुग जिए धणी लुगाई ।

शिव शंकर का करें श्रृंगार, बम बम बोले संसार,
उमड़ी आस्था अपार, गूँजें शंभु की जयजयकार ।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर , दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया ।संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

**मुंबई लोकल ट्रेन ब्लास्ट केस 2006-ट्रायल कोर्ट से दोषी ठहराए सभी 12 लोगों को हाईकोर्ट ने आरोपों से बरी किया-फिर दोषी कौन? प्रॉसीक्यूशन पर उठे सवाल?**

# भारत में भ्रष्टाचार आतंकवाद हत्या इत्यादि अपराधों में प्रॉसीक्यूशन द्वारा सजा दिलाने का प्रतिशत बहुत कम होना सोचनीय?



गोंदिया




वैश्विक स्तरपर दुनियाँ में भारतीय संवैधानिक संस्थाएं जैसे निर्वाचन आयोग न्यायपालिका इत्यादि की प्रतिष्ठा बनी हुई है, परंतु कुछ की परिस्थितिजन्य स्थितियों के कारण कम है, स्वाभाविक रूप से हम जानते हैं कि अंदरखाने भ्रष्टाचार राजनीतिक हस्तक्षेप डिपार्टमेंट की आपसी जबरदस्त मिलीभगत न्यायपालिका में प्रॉसीक्यूशन को प्रभावित कर असफलता के घेरे में लाकर खड़ा कर देती है। मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र, मानता हूं कि यदि भ्रष्टाचार के केस में पटवारी या बाबू से लेकर अधिकारी तक फसता है तो मैं प्रैक्टिकल देखा हूं कि भ्रष्टाचार का आरोपी कुछ समय निलंबित रहने के बाद ड्यूटी पर वापस ज्वाइन हो जाता है फिर लंबी कानूनी प्रक्रिया के बाद बरी भी हो जाता है, इसमें पूरी चैनल की मिली भगत हो सकती है जो हमें प्रत्यक्ष रूप से पता नहीं चलता, परंतु इसका एक अपवाद यह भी है कि किसी हाई प्रोफाइल केस में कोई हाथ नहीं डालता, बल्कि कुछ कानूनी लीकेज का फायदा बचावपक्ष उठकर फिर प्रॉसीक्यूशन को पटकनीं दे देता है आज हम इस विषय पर चर्चा इसलिए कर रहे हैं क्योंकि 21 जुलाई 2025 को माननीय बॉम्बे हाईकोर्ट ने मुंबई लोकल ट्रेन ब्लास्ट के ट्रायलकोर्ट से दोषी ठहराए गए 12 लोगों को आरोपों से बरी कर दिया, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, भारत में प्रॉसीक्यूशन पक्ष की सफलताओं को प्रभावित करने में राजनीतिक हस्तक्षेप भ्रष्टाचार गवाह को डराना इत्यादि कारकों का संज्ञान लेना जरूरी है।

साथियों बात अगर हम सोमवार दिनांक 21 जुलाई 2025 को बॉम्बे हाईकोर्ट के फैसले की करें तो, 2006 में हुए मुंबई लोकल ट्रेन ब्लास्ट केस में बॉम्बे हाई कोर्ट ने आज ऐतिहासिक फैसला सुनाते हुए सभी दोषियों को बरी कर दिया है।हाईकोर्ट ने कहा कि अभियोजन पक्ष अपने आरोप साबित करने में पूरी तरह नाकाम रहा और यह विश्वास करना मुश्किल है कि आरोपियों ने ही यह अपराध किया हो, इस मामले में हाईकोर्ट ने ट्रायल कोर्ट की ओर से दोषी ठहराए गए 12 में से 11 आरोपियों को सभी आरोपों से बरी कर दिया है, जबकि एक आरोपी की अपील लंबित रहने के दौरान मृत्यु हो गई थी।2006 मुंबई ट्रेन ब्लास्ट केसः-11 जुलाई 2006:7 बम धमाके मुंबई की लोकल ट्रेनों में हुए, 187 लोगों की मौत, 824 घायल, जुलाई-अगस्त 2006:13 लोगों की गिरफ्तारी, 30 नवंबर 2006: 30 लोगों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल, जिनमें 13 पाकिस्तानी नागरिक भी शामिल 2007: ट्रायल शुरू, सितंबर 2015:12 लोगों को दोषी ठहराया गया, 5 को फांसी, 7 को उम्रकैद, 2024: हाई कोर्ट ने केस की सुनवाई शुरू की, 21 जुलाई 2025: सभी 11 आरोपी बरी, हाईकोर्ट ने कहा कि यह मानना मुश्किल है कि आरोपियों ने अपराध किया है, इसलिए उन्हें बरी किया जाता है।अगर वे किसी दूसरे मामले में वांटेड नहीं हैं, तो उन्हें तुरंत जेल से रिहा किया जाए।कोर्ट के आदेश के बाद सोमवार शाम 12 में से दो आरोपियों को नागपुर सेंट्रल जेल से रिहा कर दिया गया।11जुलाई 2006 को मुंबई के वेस्टर्न सब अर्बन ट्रेनों के सात कोचों में सिलसिलेवार धमाके हुए थे। इसमें 189 पैसेंजर की मौत हो गई थी और 824 लोग घायल हो गए थे। सभी धमाके फर्स्ट क्लास कोचों में हुए थे। घटना के 19 साल बाद यह फैसला आया है।हाईकोर्ट के फैसले के बाद आगे क्या 3 पॉइंटः-(1) सुप्रीम कोर्ट के वकील आशीष पांडे बताते हैं, 'बॉम्बे हाईकोर्ट के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी जा सकती है।'(2)भारत के संविधान के अनुच्छेद 136 में प्रावधान है कि सुप्रीम कोर्ट में किसी भी हाईकोर्ट या अन्य कोर्ट के फैसले के खिलाफ विशेष अनुमति याचिका दायर की जा सकती है।(3)याचिका मंजूर हुई तो फिर इस पर सुनवाई होगी। बॉम्बे हाईकोर्ट के फैसले के आधारों की जांच होगी और फिर फैसला सुनाया जाएगा। इसमें लंबा वक्त लग सकता है। साथियों बात अगर हम स्पेशल मकोका कोर्ट के फैसले की करें तो, 2006 में 13 आरोपी पकड़े गए थे, 5 को फांसी की सजा, एक बरी हुआ।करीब 9 साल तक केस चलने के बाद स्पेशल मकोका कोर्ट ने 11 सितंबर 2015 को फैसला सुनाया था। कोर्ट ने 13 आरोपियों में से 5 दोषियों को फांसी की सजा, 7 को उम्रकैद की सजा और एक आरोपी को बरी कर दिया था।2016 में आरोपियों ने बॉम्बे हाईकोर्ट का रुख किया, 9 साल केस चला2019 में बॉम्बेहाईकोर्ट ने अपीलों पर सुनवाई शुरू की। अदालत ने कहा कि इस मामले में विस्तृत दलीलें और रिकॉर्ड की समीक्षा की जाएगी। 2023 से 2024 तक हाईकोर्ट में मामला लंबित रहा, सुनवाई टुकड़ों में होती रही। 2025 में हाईकोर्ट ने सभी 12 आरोपियों को बरी किया। साथियों बात अगर हम प्रॉसीक्यूशन की चुनौतियों की करें तो, भारतीय अदालतों में, अभियोजन पक्ष (प्रॉसिक्यूशन) द्वारा अपराधियों को सजा दिलाना एक जटिल प्रक्रिया है और कई कारक हैं जो इस प्रक्रिया को प्रभावित करते हैं। सजा दर कम होने के कई कारण हो सकते हैं, जिनमें साक्ष्य की कमी, गवाहों की अनिच्छा, या कानूनी प्रक्रियाओं में देरी शामिल हैं। हालांकि, यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि सजा की दर एक जटिल मुद्दा है और इसमें सुधार के लिए कई प्रयास किए जा रहे हैं। यहां कुछ कारण दिए गए हैं कि क्यों भारतीय अदालतों में अपराधियों को सजा दिलाना मुश्किल हो सकता हैः(1) साक्ष्य की कमीः-अपराधों को साबित करने के लिए पर्याप्त और ठोस सबूतों की आवश्यकता होती है। यदि अभियोजन पक्ष पर्याप्त सबूत पेश करने में विफल रहता है, तो अपराधी को बरी किया जा सकता है। (2) गवाहों की अनिच्छाः कई बार गवाह डर के मारे या किसी अन्य कारण से गवाही देने से हिचकिचाते हैं।

इससे अभियोजन पक्ष के लिए मामले को साबित करना मुश्किल हो जाता है। (3) कानूनी प्रक्रियाओं में देरीःभारतीय अदालतों में मुकदमेबाजी में अक्सर देरी होती है। यह देरी साक्ष्य को कमजोर कर सकती है और गवाहों को प्रभावित कर सकती है, जिससे अभियोजन पक्ष के लिए मामले को जीतना मुश्किल हो जाता है। (4) अपर्याप्त कानूनी सहायताःकुछ मामलों में, आरोपी के पास एक मजबूत कानूनी टीम नहीं होती है, जो उसे प्रभावी ढंग से बचाव कर सके। इससे अभियोजन पक्ष के लिए मामले को जीतना आसान हो जाता है।इन कारकों के अलावा, भ्रष्टाचार, राजनीतिक हस्तक्षेप, और अदालतों में अपर्याप्त संसाधनों जैसे अन्य कारक भी हैं जो अभियोजन पक्ष की सफलता को प्रभावित कर सकते हैं।भारतीय अदालतों में सजा दर में सुधार के लिए सरकार और अन्य हितधारकों द्वारा कई प्रयास किए जा रहे हैं। इन प्रयासों में शामिल हैं (1) कानूनों और प्रक्रियाओं में सुधारःसरकार कानूनों और प्रक्रियाओं में सुधार कर रही है ताकि अभियोजन पक्ष को अधिक प्रभावी ढंग से काम करने में मदद मिल सके।(2)अदालतों में संसाधनों में वृद्धिः-अदालतों में अधिक संसाधनों को आवंटित करके, सरकार यह सुनिश्चित करने की कोशिश कर रही है कि मुकदमेबाजी में देरी कम हो।(3) जागरूकता बढ़ानाःसरकार और अन्य हितधारक जनता को कानूनी प्रक्रियाओं और अपने अधिकारों के बारे में जागरूक करने के लिए काम कर रहे हैं।इन प्रयासों के बावजूद, भारतीय अदालतों में सजा दर में सुधार करना एक चुनौतीपूर्ण कार्य है। यह सुनिश्चित करने के लिए कि अपराधियों को सजा मिले, निरंतर प्रयासों की आवश्यकता है।

# स्क्रॉल संस्कृति और अंधविश्वास: तकनीक के युग में मानसिक गुलामी

आज का युग तकनीक और सूचना का है। हर हाथ में मोबाइल है, हर जेब में इंटरनेट। लेकिन क्या वास्तव में हम ज्यादा जागरूक हुए हैं, या बस स्क्रीन पर फिसलती उंगलियों के गुलाम बन गए हैं?

विज्ञापन, वीडियो, मीम्स, रील्स और टोटकों की अंतहीन दुनिया में लोग उलझे हुए हैं। स्क्रॉल संस्कृति ने हमारे ध्यान की डोर काट दी है। पहले जो बातें गहराई से समझी जाती थीं, वे अब 30 सेकेंड के शॉर्ट्स और 280 कैरेक्टर की पोस्ट में सिमट चुकी हैं।

हमारा मस्तिष्क सतही जानकारी से भर चुका है, लेकिन ज्ञान की गहराई खो चुकी है। एक समय था जब हम अखबार में लंबा लेख पढ़ते थे, चर्चा करते थे, विचार करते थे। अब हम स्क्रॉल करते हैं झ बिना रुके, बिना सोचे। नतीजा?

मानसिक थकावट, एकाकीपन, दिखावे की होड़ और डिजिटल अवसाद। लोग मुस्कुराते हुए सेल्फी पोस्ट करते हैं लेकिन भीतर से टूटे हुए होते हैं। हैशटैग हैप्पी के पीछे एक गहरा खालीपन छिपा होता है।

सोशल मीडिया पर तथाकथित इन्फ्लुएंसर अब जीवन के हर क्षेत्र में सलाह दे रहे हैं झ स्वास्थ्य, शिक्षा, रिश्ते, यहां तक कि अध्यात्म भी। लेकिन इनका ज्ञान सतही है, और उद्देश्य? व्यूज और लाइक्स। जिन्हें खुद का मानसिक स्वास्थ्य संभालना नहीं आता, वे मेंटल हेल्थ एक्सपर्ट बन बैठे हैं। स्क्रॉल संस्कृति ने हमारी सोच को टुकड़ों में बाँट दिया है। एक तरफ माइंडफुलनेस की बात हो रही है, दूसरी तरफ हम खुद से कटते जा रहे हैं।

सोशल मीडिया पर स्क्रॉल करते हुए लोग घंटों बर्बाद कर देते हैं लेकिन वास्तविक संवाद की शक्ति खो चुके हैं। एक क्लिक में हजारों राय मिलती हैं, लेकिन उनकी वैधता कौन जाँचे?

तकनीकी युग में यह उम्मीद थी कि अंधविश्वास खत्म होगा। लेकिन अब ये डिजिटल भूत-प्रेत बन चुके हैं। व्हाट्सएप परः रात को ये मंत्र जरूर पढ़ें फेसबुक परः इस फोटो को 5 लोगों को भेजो, नहीं तो दुर्भाग्य आएगा यूट्यूब परः पितृ दोष हटाने का चमत्कारी उपाय

क्या ये डिजिटल इंडिया है? या अंधविश्वास का नया किला?

शिक्षित लोग भी वैज्ञानिक सोच की बजाय महादेव वाले अंकल की वीडियो से समाधान खोज रहे हैं। लोग जीवन की अनिश्चितता से डरते हैं। इस डर में वे अंधविश्वास का सहारा लेते हैं, जिससे उन्हें भावनात्मक सुरक्षा का भ्रम मिलता है।

इंटरनेट पर जानकारी है, लेकिन छँटाई करने की क्षमता नहीं सिखाई गई। नतीजतन, झूठ भी सच लगता है।

हर कोई मोटिवेशनल स्पीकर, लाइफ कोच, एस्ट्रोलॉजर बन गया है। बिना प्रमाणिकता के। इनका मकसद है ट्रैफिक और पैसा। बचपन में सवाल करने पर डांटा जाता है झ श्रद्धा रखो। यही सोच वयस्क होते ही भ्रम फैलाने वाली सामग्री को ग्रहण करने में सक्षम बना देती है।

एक रिपोर्ट के अनुसार, औसतन भारतीय युवा रोजाना 4-6 घंटे सोशल मीडिया पर बिताता है। इस दौरान वह कितनी बार खुद से जुड़ता है?

स्क्रॉल करते हुए हम दूसरों की ज़िंदगी की झलक देखते हैं झ उनकी पार्टियों, छुट्टियों, खुशियों की तस्वीरें झ और अपनी ज़िंदगी से असंतुष्ट हो जाते हैं। यह तुलना भीतर एक बेचैनी और अवसाद को जन्म देती है। हमने जीवन को रील में बदल दिया है। जो दिखता है वही बिकता है झ यही सोच आत्मा को खोखला कर रही है।

नींद की कमी, ध्यान भटकाव, सोशल एंग्जायटी, आत्म-संदेह, आत्महत्या की प्रवृत्ति झ ये सब स्क्रॉल संस्कृति की भेंट चढ़ते मानसिक परिणाम हैं। कई शोधों में पाया गया है कि इंस्टाग्राम, टिकटॉक और फेसबुक का अधिक प्रयोग किशोरों और युवाओं में आत्म-संकोच और डिप्रेशन बढ़ाता है।



डॉ. सत्यवान सौरभ

टीवी चैनल्स भी अब रहस्यमयी मंदिर, भूतिया हवेली, ज्योतिष समाधान जैसे कार्यक्रमों से टीआरपी बटोरते हैं।

विज्ञापन कंपनियाँ भी राहु-केतु दोष जैसे शब्दों से डराकर उत्पाद बेचती हैं। जब संस्थान ही वैज्ञानिक दृष्टिकोण के खिलाफ काम करें, तो जनता कैसे जागरूक हो?

रोज 1 घंटा मोबाइल-मुक्त समय बिताएं। सप्ताह में 1 दिन डिजिटल डिटॉक्स करें। रात को सोने से 1 घंटा पहले स्क्रीन न देखें। अधूरी जानकारी के आधार पर राय न बनाएं। हर बात पर शक नहीं, पर हर बात पर सोच जरूर हो। बच्चों को सवाल पूछने के लिए प्रोत्साहित करें। विज्ञान, लॉजिक और तथ्य आधारित शिक्षा प्रणाली अपनाएं।

स्कूलों में सूचना की जाँच कैसे करें जैसे पाठ्यक्रम हों। फैक्ट चेकिंग एक सामाजिक आदत बने। यू-ट्यूब पर देखी गई हर बात को सच न मानें। धर्म को आत्मा से जोड़ें, डर से नहीं। श्रद्धा का मतलब है समझना, अंधा पालन नहीं। तथाकथित चमत्कारी समाधानों की जांच-पड़ताल करें।

तकनीक ने हमें जोड़ने का दावा किया था, लेकिन आज हम सबसे कट चुके हैं — खुद से भी, और समाज से भी। हम स्क्रीन पर हैं, लेकिन जीवन से बाहर हैं। हम क्लिक करते हैं लेकिन महसूस नहीं करते।

हमारा मस्तिष्क सतही जानकारी से भर चुका है, लेकिन ज्ञान की गहराई खो चुकी है। एक समय था जब हम अखबार में लंबा लेख पढ़ते थे, चर्चा करते थे, विचार करते थे। अब हम स्क्रॉल करते हैं झ बिना रुके, बिना सोचे। नतीजा?
मानसिक थकावट, एकाकीपन, दिखावे की होड़ और डिजिटल अवसाद। लोग मुस्कुराते हुए सेल्फी पोस्ट करते हैं लेकिन भीतर से टूटे हुए होते हैं। हैशटैग हैप्पी के पीछे एक गहरा खालीपन छिपा होता है।
सोशल मीडिया पर तथाकथित इन्फ्लुएंसर अब जीवन के हर क्षेत्र में सलाह दे रहे हैं झ स्वास्थ्य, शिक्षा, रिश्ते, यहां तक कि अध्यात्म भी। लेकिन इनका ज्ञान सतही है, और उद्देश्य? व्यूज और लाइक्स। जिन्हें खुद का मानसिक स्वास्थ्य संभालना नहीं आता, वे मेंटल हेल्थ एक्सपर्ट बन बैठे हैं। स्क्रॉल संस्कृति ने हमारी सोच को टुकड़ों में बाँट दिया है। एक तरफ माइंडफुलनेस की बात हो रही है, दूसरी तरफ हम खुद से कटते जा रहे हैं।
सोशल मीडिया पर स्क्रॉल करते हुए लोग घंटों बर्बाद कर देते हैं लेकिन वास्तविक संवाद की शक्ति खो चुके हैं। एक क्लिक में हजारों राय मिलती हैं, लेकिन उनकी वैधता कौन जाँचे?


सोशल मीडिया के इस कोलाहल में आत्मचिंतन की आवाज कहीं गुम हो गई है। आज सबसे बड़ी जरूरत है डिजिटल डिटॉक्स और मानसिक वैचारिक पुनर्जागरण की। वरना ये स्क्रॉल संस्कृति और अंधविश्वास मिलकर हमें उस अंधे युग में ले जाएंगे, जहां रोशनी होगी — सिर्फ स्क्रीन से निकलती — पर भीतर घुप्प अंधेरा होगा।

ज्ञान कभी स्क्रॉल में नहीं आता, वह ठहराव माँगता है। श्रद्धा कभी अंधी नहीं होती, वह तर्क से ताकत पाती है। और आज के समय में सबसे बड़ा विद्रोह है — सोचना।

# प्रदेश के समावेशी विकास में रामपुर का अहम योगदान सरकार देगी सौगात हरीश गंगवार

**वेलकम इंडिया**

**रामपुर।** भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष हरीश गंगवार ने लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान उन्होंने प्रदेश के समावेशी विकास में रामपुर के अहम योगदान के बारे में बताया। साथ ही सरकार से रामपुर के लिए नई सौगातें देने के लिए भी अनुरोध किया। मुख्यमंत्री ने संगठनात्मक गतिविधियों के बारे में भी जानकारी ली। साथ ही भरोसा दिलाया कि रामपुर के विकास के लिए सरकार पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। जिलाध्यक्ष हरीश गंगवार सोमवार को लखनऊ पहुंच गए। यहां उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भेंट की। उन्होंने मुख्यमंत्री को रामपुर जिले में चल रहे विकास कार्यों की जानकारी दी तथा कुछ योजनाओं के तेज क्रियान्वयन के समर्थन का अनुरोध किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जिले में संगठन की मजबूती और जनता के हित में चल रही योजनाओं को पूरी गंभीरता से लागू करने पर बल दिया। जिलाध्यक्ष ने बताया कि मुख्यमंत्री की नजर में रामपुर का विशेष स्थान है। कहा कि रामपुर काम और कारोबार की दिशा में तो तरक्की कर ही रहा है, सांस्कृतिक विरासत को संवारने में भी रामपुर का महत्वपूर्ण योगदान है। बताया कि आगामी कुछ समय में रामपुर को कुछ नई परियोजनाएं मिल सकती हैं। इसके लिए मुख्यमंत्री ने भरोसा दिया है। उन्होंने कहा कि पंचायत चुनाव को लेकर भी चर्चा हुई, जिसमें मुख्यमंत्री ने कुछ सुझाव दिए। मैंने उन्हें आश्वस्त किया है कि पंचायत चुनाव में रामपुर में पहली बार भाजपा ऐतिहासिक प्रदर्शन करने जा रही है। इसके लिए बूथ स्तर से लेकर संगठन स्तर तक सभी तैयारियां जोरशोर से चल रही हैं।



# सीएमएस डा. डीके वर्मा के निस्वार्थ कार्यो को देखते हुए लगातार उन्हे सम्मानित करने का सिलसिला जारी हैं

**वेलकम इंडिया गुलजार आलम**

**रामपुर।** रामपुर जिला अस्पताल के सीएमएस डा. डीके वर्मा के निस्वार्थ कार्यो को देखते हुए लगातार उन्हे सम्मानित करने का सिलसिला जारी हैं। सोमवार को लाइंस इंटरनेशनल क्लब द्वारा उन्हे उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया।

रामपुर का जिला अस्पताल आज कल अखबारों की सुर्खियां बना हुआ हैं। पहले मीडिया जिला अस्पताल में फैली कमियों को उजागर करती थी और हर आये दिन जिला अस्पताल की बदहाल व्यवस्था अखबारों की रौनक बढ़ाती थी लेकिन अब ऐसा नहीं हो रहा हैं जिला अस्पताल में हो रहे बेहतरीन कार्यो को लेकर जिला प्रशासन ही नहीं सामाजिक संस्थाएं भी जिला अस्पताल की तारीफ करने से पीछे नहीं हट रहे हैं और जिला अस्पताल के सीएमएस डा. डीके वर्मा को सम्मानित किया जा रहा हैं। लाइंस इंटरनेशनल क्लब की ओर से सीएमएस डा. डीके वर्मा को उनके उत्कृष्ट कार्यो के लिए सम्मानित किया। क्लब के सदस्यों का कहना था कि सीएमएस स्वयं लगातार मरीजों के हित में कार्य कर रहे हैं चाहे जिला अस्पताल की साफ-सफाई, पेयजल की व्यवस्था, मरीजों व तीमारदारों के बैठने की व्यवस्था को बेहतरीन ढंग से अंजाम दिया हैं जिससे मरीजों व तीमारदारों को काफी सहूलत मिल रहीं हैं। पिछले तीन महीने में जिला अस्पताल की तस्वीर बदल कर रख दी हैं। इस मौके पर रविन्द्र गुप्ता, जगन्नाथ चावला, अमित शर्मा आदि मौजूद थे।



# वीर खालसा सेवा समिति के द्वारा समय-समय पर बच्चों को सम्मानित किया जाता है



**वेलकम इंडिया गुलजार आलम**

**रामपुर।** बच्चों को अच्छे अंक आने पर 98% पर इन बच्चों को सम्मानित किया समिति के अध्यक्ष अवतार सिंह ने कहा कुछ बच्चे सम्मानित होने से रह गए थे जिनका गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा में सम्मानित किया गया बच्चों को सम्मानित करना उनका हौसला बढ़ाना है वीर खालसा सेवा समिति के द्वारा समय-समय पर बच्चों को सम्मानित किया जाता है और यह सेवा कार्य आगे भी जारी रहेंगे बच्चे ही देश का भविष्य है जो आगे बढ़कर अपने मां-बाप और रामपुर शहर का नाम रोशन करेंगे इस मौके पर मनमीत सिंह अवतार सिंह मनप्रीत सिंह सनी कपूर मौजूद रहे।

# मीटमास की दुकाने बंद करने के सरकार के आदेश को दुकानदारों ने डाला कूड़ेदान में

**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**

**चाँदपुर ;** पुलिस चौकी वास्टा में योगी जी का श्रवण मास कावड़ यात्रा में मीटमांस की सभी दुकान/ सलाटर हाऊस बन्द करने के आदेशो को डाला कूडेदान मे। पीपुल फॉर एनीमल्स युनिट के जिला प्रभारी वीरेंन्द्र कुमार राजपूत की अध्यक्षता में एक बैठक गुड मण्डी परिसर में की गयी जिसमे जिले मे श्रवणमास की कावड़ यात्रा के दौरान मीट की दुकान चोरी से खुली है चौकी वास्टा मे ग्राम बास्टा, शैतान चौक रसूलपुर नगला ओर चान्दपुर मे कराल रोड़, में मुर्गा बकरा को काट कर ब्लैक मे २ङ्कङ्क रुपए से 250 रु मे चोरी से दुकान का शटर वन्द रहता है दुकान के पीछे से बेचा जा रहा है ऐसी चर्चा है कि फीलगुड कर ये खेल चल रहा है कुछ अधिकारी मीट विक्रेताओ से सैटिंग कर चोरी से मीट विकवा कर भाजपा सरकार को बदनाम किया जा रहा है। युनिट के सदस्यों में आक्रोश है। बैठक में प्रस्ताव पास किया गया की अगर जिले मे बास्टा क्षेत्र मे मीट की दुकान बन्द नही की गयी तो मान्य मुख्यमंत्री जी को अवगत कराया जायेगा एडीशनल एस पी विजनौर को अवगत करा दिया है। वैठक में निखिल अग्रवाल, पकंज चौधरी, प० योगेश शर्मा, कपिल गोयल, अरविन्द जोशी, प्रदीप ठाकुर, अखिलेश शर्मा, अमरकान्त पप्पू, अभिनभ चुनचुन,. सुशील गुप्ता, संजय चौहान, ब्रजपाल टीटू आदि मौजूद रहे।



# मुकेश आर्य के निवास पर हुआ वेद प्रतिस्थापना कार्यक्रम



**वेल्कम इंडिया महमूद रजा**

आर्य निर्मात्री सभा के प्रदेश अध्यक्ष आर्य राजेंद्र ने वेदों का गुणगान एवं वेदों की महिमा पर प्रकाश डाला बिजनौर थाना मंडावली क्षेत्र के ग्राम भागु वाला में रविवार को आर्य महासंघ के निर्देश अनुसार मुकेश आर्य ने अपने निज निवास स्थान पर वेद प्रतिस्थापना कार्यक्रम आयोजित किया जिसमें आर्या दिव्यांक्षी जी के पौरोहित्य में वेद प्रतिस्थापना व वेद की महत्व के संबंध में आर्य नंद जी व आर्य प्रशांत जी व राष्ट्रीय आर्य निर्भात्री सभा के प्रदेश अध्यक्ष राजेंद्र जी प्रदेश मंत्री आर्य रजनीश आर्य लाल सिंह मुजफ्फरनगर आर्य संरक्षण सभा प्रदेश अध्यक्ष आर्य नवभारत सिंह आर्य बंधु जी आर्य खेमपाल आर्य यशवीर जी आर्य गणमान्य हरिजन उपस्थित रहे आर्य राजेंद्र जी ने वेद प्रतिस्थापन व संगठन के महत्व पर गहनता से प्रकाश डाला और संगठन को मजबूत बनाने पर बल दिया इस दौरान आर्य रमेश चंद्रपाल प्रसाद आर्य देशबंधु आ रही है आर्य नंदा नोहर सिंह विकास कुमार मणिपाल सिंह आर्य लाल सिंह राजकुमार आर्य रजनीश मुजफ्फरनगर आर्य सत्येंद्र रामपुर चाठा सहित भारी संख्या में आर्य समाजी मौजूद रहे कार्यक्रम के उपरांत मुकेश आर्य ने कार्यक्रम में आए सभी आर्य जनों को भोजन करा कर सम्मान से विदा किया।

# मदीना मस्जिद, आजाद़ नगर मे सजी कुरान की मजलिस !

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**

बिजनौर नजीबाबाद - नजीबाबाद के आजाद़ चौक के पास मौजूद आजाद़ नगर में पहली बार तालिबात का कुराने पाक मुकम्मल होने पर कुरान की मजलिस का आगाज किया गया! इस प्रोग्राम में छोटी-छोटी दो मासूम बच्चियों (तालिबात) ने कुराने पाक की तिलावत कर मजलिस में आए सभी खुसूसी मेहमानों का दिल बाग-बाग किया! वही इस मौके पर तालिबात के उस्ताद ने बताया कि इन मासूम बच्चियों ने कड़ी मेहनत और लगन के साथ कुरान पाक को पढ़कर हक अदा किया! कारी सनव्वर ने आगे कहा कि हम सबको कुरान को सही सही पढ़ कर उसका हक अदा करना चाहिए! इसलिए हमें अपने बच्चों और बच्चियों को कुरान पढ़ने के लिए मदरसे में भेजना चाहिए जिस पर जिस तरह से वालिदेन सुभा सवेरे उठकर अपने बच्चों को तैयार कर इंग्लिश मीडियम स्कूल होते हैं उसी तरह से उनको चाहिए कि उनसे मोहब्बत करे और कुरान पढ़ने के लिए मस्जिद और मदारिसो में भेजना चाहिए, उन्होंने नौजवानों पर रोशनी डालते हुए कहा कि उन्हें भी अपने कुरान को सही सही सीखना चाहिए क्योंकि कुछ भी सीखने के लिए उमर कोई मायने नहीं रखती अगर हम यूहीं कुरान पढ़ते रहे तो उसका हक अदा नहीं होगा और पढ़ने और पढ़ाने वाला भी गुनहगार होगा इसलिए हमें कुरान को इख्लास के साथ पढ़ना चाहिएं और उसका हक अदा करना चाहिए! प्रोग्राम के आखिर में मौलाना असलम ने मुल्क की तरक्की और अमीनो अमान की दुआएं मांगी। प्रोग्राम की निजाम़त मौलाना इब्ने हसन और सदारत मौलाना असलम ने की!

मजलिस में आए सभी मेहमानों ने तालिबात और उनके उस्ताद कारी सनव्वर को दिली मुबारकबाद दी और बच्चों की हौसला-अफजाई की! इस मौके पर मौलाना सलमान, मुफ्ती सज्जाद, मौलाना इसरार, मुफ्ती सरफराज, मौलाना इब्ने हसन, मुफ्ती इसरार, कारी शराफत, कारी शहवेज, कारी वाली अल्लाह, मौलाना जुबेर, मुफ्ती साजिद, कारी अब्दुल जब्बार मौजूद रहे!



# राशन डीलरों ने मांगे पूरी नहीं होने पर दी आंदोलन की चेतावनी

**वेल्कम इंडिया महमूद रजा**


**बिजनौर किरतपुर।** प्रदेश सरकार द्वारा कोटेदारों की मांगों को अनदेखा करने पर कोटेदार सरकार की नीतियों के विरोध में तीन दिवसीय हड़ताल पर रहे। ऑल इंडिया फेयर प्राइस शाप डीलर एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के आव्हान पर प्रदेश भर में तीन दिवसीय हड़ताल की गई। किरतपुर के कोटेदार जुगल किशोर, सुनील शर्मा, राकेश साहनी, रेनू शर्मा, मोहित कुमार, सुनील कुमार, विवेक कुमार, अली नवाज, गुलनाज जहां, रईस अहमद, प्रमोद कुमार, अमरीश कुमार, राधा आदि ने बताया की प्रदेश में कोटेदारों की जायज मांगों को अनसुना करने? शोषण और उत्पीड़न के विरोध में उत्तर प्रदेश सरकार की कोटेदार विरोधी नीतियों के खिलाफ 20-21 और 22 जुलाई 2025 तक पूर्ण हड़ताल का ऐलान किया गया है। जिसमें मुख्य रूप से कोटेदार की मांग कोटेदारों को पिछले 6 महीने से कमीशन ना मिलने, कोटेदारों के शोषण और उत्पीड़न पर तत्काल रोक, राशन वितरण व्यवस्था में गैर जरूरी, फीड बैंक बंद हो इससे शोषण बढ़ेगा और कोटेदारों के हितों की रक्षा उत्तर प्रदेश में कोटेदारों को तत्काल 200 प्रति कुंतल कमीशन देने की व्यवस्था की जाए। जैसा कि अन्य प्रदेशों दिल्ली, हरियाणा, गोवा आदि राज्यों में स्वयं राज्य सरकार कोटेदारों के हितों को ध्यान में रखते हुए 200 रुपए प्रति कुंतल पर कमीशन दे रही है। उत्तर प्रदेश के कोटेदार एकजुट होकर अपने हक और सम्मान की लड़ाई लड़ रहे हैं। यह हड़ताल केवल एक शुरूआत है यदि मांगे नहीं मानी गई तो हमारा आंदोलन और तेज होगा।



# निजी कृषि भूमि पर अवैध रास्ता बनाने की कोशिश, तीन पर मुकदमा दर्ज

**वेलकम इंडिया**

**किठौर।** कस्बा शाहजहांपुर में निजी कृषि भूमि पर जबरन रास्ता बनाने की कोशिश तीन लोगों पर भारी पड़ गई। शिकायत पर पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, खसरा संख्या 890, 911 व 912 की भूमि श्री तबारक उल्ला खां व परिजनों के नाम है, जो पूरी तरह निजी है। इसके दक्षिण में वक्फ की भूमि है, लेकिन बीच में कोई सार्वजनिक रास्ता नहीं है, जिसकी पुष्टि प्रशासनिक जांच में भी हो चुकी है। आरोप है कि रविवार रात नूर मोहम्मद, हबीबु और मंसूर खान ने जबरन मिट्टी डालकर रास्ता बनाने का प्रयास किया। विरोध करने पर वादी असफर उल्ला खान को जान से मारने की धमकी दी गई। पुलिस को दी गई वीडियो फुटेज भी साक्ष्य में सौंपी गई। प्रभारी निरीक्षक बृजेश पांडेय के अनुसार, तीनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।



# कैलाशपुर विद्युत विभाग का स्टाप अपनी ड्यूटी के साथ-साथ शिव भक्त कांवड़ियों की कर रहा है दिन रात सेवा

**वेलकम इंडिया, राजीव चौधरी**

**सहारनपुर/ गागलहेडी।** विधुत विभाग ने शिव भक्त कांवड़ियों को शिविर लगाकर अपने हाथों से खाना खिलाया उपखण्ड कार्यालय बिजली घर कैलाशपुर पर एसडीओ अंकित त्यागी के नेतृत्व में हरिद्वार से पवित्र गंगा जल लेकर आ रहे भोले के भक्तों को उपखण्ड कार्यालय कैलाशपुर आगमन पर विधुत विभाग के स्टाफ ने शिव भक्त कांवड़ियों के ऊपर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया और शिविर लगाकर एसडीओ अंकित त्यागी व उनके स्टाफ ने हरिद्वार से पवित्र गंगा जल लेकर आ रहे शिव भक्त कांवड़ियों को अपने हाथों से खाना खिलाया हरिद्वार से पवित्र गंगाजल जल लेकर अपने गंतव्य की ओर जा रहे भोले के भक्तों ने हरियाणा और चंडीगढ़ व यमुनानगर से आए शिव भक्त कावड़ियों ने भी विधुत विभाग की प्रशंसा कीइस मौके पर सभी विद्युत विभाग का स्टाफ मौजूद रहा।



# कांवड़ियों की सेवा में जुटे गंगा ढाबा संचालक विपिन खटाना

**वेलकम इंडिया**

**किठौर।** सेवा परमो धर्म–यह सिर्फ एक वाक्य नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति की आत्मा है। इसी भावना को साकार कर रहे हैं किठौर के गंगा ढाबा संचालक विपिन खटाना, जो इन दिनों कांवड़ यात्रा के दौरान दिन-रात शिवभक्तों और प्रशासनिक अधिकारियों की सेवा में समर्पित हैं। विपिन खटाना दिन में कांवड़ शिविरों में जाकर शिवभक्तों की सेवा करते हैं और रात में प्रशासनिक अधिकारियों एवं पुलिसकर्मियों के लिए भोजन की निःशुल्क व्यवस्था करते हैं। खास बात यह है कि वे किसी भी अधिकारी या कर्मचारी से इस सेवा के बदले कोई धन नहीं लेते। उनकी निस्वार्थ सेवा भावना को देखते हुए उत्तर प्रदेश एसोसिएशन ऑफ जर्नलिस्ट्स (उपज संगठन) ने उन्हें सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया है। विपिन खटाना ने बताया, ₹इतनी भीषण गर्मी में जब आम व्यक्ति घर से निकलने से भी कतराता है, तब भोलेनाथ के भक्त हरिद्वार, गौमुख और ब्रजघाट से जल लेकर नंगे पैर तपती सड़कों पर चलकर शिवालयों की ओर बढ़ते हैं। ऐसे में उनकी सेवा कर मन को एक अलौकिक संतोष मिलता है। मानव सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है। इसी मौके पर भारतीय किसान यूनियन के युवा उपाध्यक्ष, मेरठ मंडल के देव हसनपुर कला ने भी कहा कि, ₹भोलेनाथ के भक्तों की सेवा करना हम सभी का परम कर्तव्य है। वे जिस मनोकामना से जल ला रहे हैं, भगवान भोलेनाथ उनकी सारी इच्छाएं पूर्ण करें। देव खटाना ने भी शिवभक्तों के प्रति आस्था जताते हुए कहा, ₹इतनी तपस्या और श्रम से जल ला रहे भक्तों को सेवा देना वास्तव में पुण्य का कार्य है। कांवड़ यात्रा के इस पावन अवसर पर जिस तरह से विपिन खटाना और उनके सहयोगी मानवता की मिसाल पेश कर रहे हैं, वह समाज के लिए एक प्रेरणास्त्रोत है।



# जिला अधिकारी वह पुलिस अधीक्षक ने नजीबाबाद शिव भक्त कांवरियों का पुष्प वर्षा कर किया स्वागत

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**



बिजनौर के नजीबाबाद मैं जिलाधिकारी बिजनौर एसपी बिजनौर ने हरिद्वार से पवित्र गंगाजल लेकर आ रहे इस सावन माह में शिव भक्त कांवरियों का जनपद बिजनौर में प्रवेश करने पर भागूवाला स्थित दीप फिलिंग स्टेशन पर जनपद वासियों की ओर से भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष भूपेंद्र चौहान बॉबी विधायक नहटौर प्रत्याशी लोकसभा नगीना ओम कुमार के नेतृत्व में शिव भक्त कांवरियों का पुष्प वर्षा एवं फल वितरित कर स्वागत किया गया इस अवसर पर जिला अधिकारी बिजनौर श्रीमती जसजीत कौर, पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा, के नेतृत्व में जनपद के समस्त अधिकारियों भारतीय जनता पार्टी के कार्यकताओं ने भागूवाला मंडल के अध्यक्ष कमल सैनी के अध्यक्षता चौधरी ईशम सिंह के संचालन में संपन्न स्वागत समारोह में राष्ट्रीय लोक दल के वरिष्ठतम नेता सरदार बलबीर सिंह जी के सानिध्य में श्री भक्तों का स्वागत किया उन्हें प्रसाद वितरण किया इस अवसर पर शिव भक्तों ने बहुत ही हृदय से स्वागत का की सराहना की इस अवसर पर जिला अध्यक्ष भूपेंद्र चौहान चौहान बॉबी ने कहा कि उत्तर प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री के नेतृत्व में हम सब इस प्रकार के आयोजन कार्यक्रम पूरे प्रदेश में कर रहे हैं विधायक नहटौर ओम कुमार ने कहा कि शिव भक्तों की सेवा करने का सौभाग्य पूर्व जन्मों के सत्कर्मों से प्राप्त होता है उन्होंने सभी कार्यकताओं से कहा कि वह अपनी अपनी सामर्थ के अनुसार पूरे सावन माह में शिव भक्तों की सेवा करें ऐसी उत्तर प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री और भारतीय जनता पार्टी संगठन की हम सब कार्यकताओं से अपेक्षा है इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख तपराज सिंह देशवाल, पुलिस अधीक्षक नगर संजीव बाजपेई अपर जिला अधिकारी विनय कुमार एसडीम शैलेंद्र कुमार तहसीलदार संतोष यादव नायब तहसीलदार ममता यादव पुलिस क्षेत्राधिकार नितेश प्रताप सिंह थाना अध्यक्ष मंडावली राम प्रताप सिंह मा रमेश सिंह, चौधरी ईशम सिंह,सहित मंडल अध्यक्ष कमल सैनी, वरुण आत्रेय ,नकुल अग्रवाल, जिला अध्यक्ष अनुसूचित मोर्चा सुधीर भुईयार,रितेश सेन, अरविंद विश्वकर्मा, सरदार जसपाल सिंह, कपिल राजपूत, डॉ मयंक चौहान, राजेंद्र सिंह, तारा सिंह, संदीप उपाध्याय, योगेंद्र सिंह, शोभित त्यागी, संदीप कुमार, मोहित चौहान, मुकेश राजपूत, चौधरी रोहिताश सिंह, ब्लॉक प्रमुख नहटौर राकेश कुमार संचालक सुधीर कुमार, पूर्व प्रमुख अवधेश कुमार, विशाल चौधरी,अभिषेक यादव, महबूब मलिक, अजीम अहमद, अनुज काकरान,सचिन देशवाल, नरेश सैनी, मनोज जाट, विरेन्द्र शर्मा, संजय सैनी, मयंक चौहान, नरेश शर्मा, नवबहार सिंह, नरपाल सिंह,आदि ने शिव भक्तों की सेवा की।

# अदालत से : हत्या के मामले में महिला सहित 3 दोषियों को सश्रम आजीवन कारावास व बीस-बीस हजार के अर्थदंड की सुनाई सजा

**वेलकम इंडिया जितेन्द्र कुमार**



हाथरस। अवगत कराना है कि दिनांक 17 अप्रैल 2023 को थाना सादाबाद पर वादी द्वारा सूचना दी कि कुमकुमबाला द्वारा अपने अन्य साथियो के साथ मिलकर अपने पति अनिल कुमार (वादी का भाई) की गला दबा कर हत्या कर दी। जिसके सम्बन्ध मे वादी की लिखित तहरीर के आधार पर थाना सादाबाद पर मु0अ0सं0 192/23 धारा 302,323,506 भादवि पंजीकृत किया गया।मृतक के पोस्टमोर्टम रिपोर्ट मे मृत्यु का कारण मृत्युपूर्व फांसी के परिणामस्वरूप श्वासावरोध होना पाया गया। विवेचनात्मक -साक्ष्य संकलन के दौरान अभियुक्त राजेन्द्र चौधरी पुत्र वीरेन्द सिंह निवासी गोल नगर थाना मुरसान जनपद हाथरस व चमन खाँ पुत्र सूरज खाँ उर्फ स्वराज खाँ निवासी कांडली थाना इगलाश जनपद अलीगढ( अज्ञात से प्रकाश मे आया अभियुक्त) को गिरफ्तार किया गया। अभियोग की विवेचना तत्परता से गुणवत्ता कायम रखते हुए पूर्ण की गयी तथा विवेचक द्वारा साक्ष्य संकलन कर गुणवत्तापूर्वक विवेचना करते हुए आरोपीयों के विरुद्ध दिनांक 8 जून 2023 को मात्र 50 दिन में आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित किया गया। अभियुक्तों को अधिकाधिक दंडित कराने हेतु शासन के दिशा निदेशी के क्रम में तथा पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश द्वारा चलाए जा रहे ऑपरेशन कन्विक्शन अभियान के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक हाथरस के निर्देशन में पैरवी हेतु चिन्हित अभियोगों को प्राथमिकता के आधार पर अपने निकट पर्यवेक्षण में मॉनीटरिंग सेल जनपद हाथरस के माध्यम से अभियोग का न्यायालय में विचारण के दौरान सम्यक पैरवी एवं प्रभावी कार्यवाही की गई तथा अभियोजन शाखा द्वारा भी प्रभावी पैरवी की गई । जिसके परिणामस्वरुप न्यायालय जनपद एवं सत्र न्यायालय जनपद हाथरस द्वारा उक्त अभियोग में अभियुक्ता, कुमकुमबाला व राजेन्द्र चौधरी व चमन खाँ उपरोक्त को धारा 302,323,506 भादवि के अन्तर्गत सश्रम आजीवन कारावास व 20-20 हजार रुपए अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

# अवैध तमंचा व जिंदा कारतूस के साथ एक गिरफ्तार



**वेलकम इंडिया जितेन्द्र कुमार**

हाथरस जंक्शन कोतवाली पुलिस ने एक अभियुक्त को मैण्डू नहर से अण्डर पास जाने वाले रास्ते से गिरफ्तार किया गया है ।जिसके कब्जे से एक तमंचा 315 बोर व एक जिन्दा कारतूस बरामद हुआ है। पुलिस ने इसके खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।प्रभारी निरीक्षक सतेन्द्र सिंह राघव ने बताया कि पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा के आदेशानुसार फरार-वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु अभियान चलाया जा रहा है। इस क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी सिकन्द्राराऊ के निकट पर्यवेक्षण में थाना हाथरस जंक्शन पुलिस के उपनिरीक्षक राम नरेश मय टीम के साथ चैकिंग के दौरान कार्यवाही करते हुए एक अभियुक्त को मैण्डू नहर से अण्डर पास जाने वाले रास्ते से गिरफ्तार किया गया है ।पुलिस ने अभियुक्त नाजिर पुत्र रसूल मौहम्मद निवासी नगला सक्कन थाना हाथरस जंक्शन जनपद हाथरस के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया।

# खूनी संघर्ष प्रकरण में डेढ़ दर्जन के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**वेलकम इंडिया**



**कांधला। मोहसीन रहमानी।** थाना क्षेत्र के गांव आल्दी में बाइकों पर सवार होकर डाक कावड लेने जा रहे बाइक सवार युवक को पटाखे छोड़ने का विरोध करने पर दो पक्षों के बीच खूनी संघर्ष हो गया था। खूनी संघर्ष ने हिंसक रूप ले लिया था। दोनों पक्षों में जमकर धारदार हथियार, लाठी डंडे चलने के साथ ही फायरिंग भी हुई थी। संघर्ष में आधा दर्जन से अधिक लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे। दोनों पक्षों ने अपना अपना-अपना डाक्टरी कराने के बाद एक दूसरे के विरुद्ध थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की थी।पुलिस ने मामले में पूर्व प्रधान की तहरीर पर एक दर्जन से भी अधिक लोगों के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।वही मामले में पुलिस ने दोनों पक्षों के आधा- दर्जन लोगों का शांति भंग की धाराओं में चालान किया है। थाना क्षेत्र के गांव आल्दी निवासी शुभम पुत्र नरेश गांव के अपने साथियों के साथ बाइक पर सवार होकर हरिद्वार से डाक कावड़ के मध्यम से गंगाजल लेने के लिए जा रहा था। जैसे ही बाइक सवार युवक पूर्व प्रधान सतीश चौहान के आवास के सामने पहुंचे तो सतीश के भाई संजय ने बाइक से साइलेंसर निकाल कर पटाखे छोड़ रहे बाइक सवार युवकों का विरोध कर दिया था। आरोप है कि गुस्साए बाइक सवार ने अपने परिवार के लोगों के साथ मिलकर धारदार हथियार एवं लाठी डंडों से हमला कर दिया था। दोनों पक्षों के बीच हुए खूनी संघर्ष ने हिंसक रूप ले लिया था और दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए थे।खूनी संघर्ष में पूर्व प्रधान पक्ष से आयुष पुत्र प्रमोद, प्रमोद पुत्र लकीराम, संजय पुत्र लकीराम, रितिक पुत्र तीर्थपाल, रवि पुत्र संजय, सचिन पुत्र सुभाष, एवं उषा पत्नी संजय घायल हो गई, दूसरे पक्ष से शुभम बिट्टू व मामचंद घायल हुए थे। पूर्व प्रधान सतीश चौहान ने बताया कि आरोपियों ने उनके ऊपर धारदार हथियार व तमंचे से फायरिंग की है। खूनी संघर्ष की सूचना पर पहुंची पुलिस ने हल्का बल प्रयोग कर सभी घायलों को उपचार के लिए नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया था।चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर गंभीर अवस्था में सभी घायलों को जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया था। दोनों पक्षों ने एक दूसरे के विरुद्ध आरोप प्रति आरोप लगाकर पुलिस से कार्रवाई की मांग की थी।पुलिस ने मामले में पूर्व प्रधान सतीश चौहान की तहरीर पर गांव के ही टीटू, नीटू, कुणाल, वंश, विशेष, नीरज, सचिन, शुभम, सागर, लक्ष्य, विनीत, सुमित, राजेंद्र, हेमंत, कुलदीप व लीलू के खिलाफ गंभीर धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि पूर्व प्रधान की तहरीर पर अभियोग पंजीकृत कर लिया गया है।

# आख्या में सीएचसी प्रभारी डॉं दानवीर सिंह पर आरोप, बिना रजिस्ट्रेशन के हास्पिटल अल्ट्रासाउंड सहित बताया संचालित

**वेलकम इंडिया**

**सादाबाद।** के सांई साक्षी हॉस्पिटल की एक शिकायत कर्ता ने बिना रजिस्ट्रेशन के और बिना डॉक्टर होने के बावजूद भी अल्ट्रासाउंड करने की शिकायत की थी। शिकायत के आधार पर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने उसमें आख्या लगाकर भेज दी। शिकायतकर्ता के आधार पर आख्या में यह क्लीनिक बंद दिखाकर कागज की लिखा पड़ी पूरी कर दी है। जबकि वह उक्त हॉस्पिटल पूरी तरह से संचालित है। शिकायतकर्ता द्वारा इस मामले की वीडियो वायरल कर दी गई है।जिसमें बताया है कि हाथरस के कस्बा सादाबाद से डॉक्टर दानवीर सिंह के भ्रष्टाचार विषैले काले कृत्यों की पोल खोल देने की बात कही गई है, वायरल एडिटिंग वीडियो में बताया है कि सांई साक्षी हॉस्पिटल की शिकायत की जांच आख्या में दशार्या गया है कि अभी हॉस्पिटल संचालित नहीं है जबकि सांई साक्षी हॉस्पिटल में बिना रजिस्ट्रेशन बिना डॉक्टर के खुलेआम चल रहा है। अल्ट्रासाउंड मशीन एवं खुलेआम चल रहा है हॉस्पिटल फर्जी तरीके से एमबीबीएस डॉक्टरों के नाम की महौर तैयार कराकर धड़ाधड़ छाप रहे हैं। दिनांक 19 जुलाई 2025 को बेबी बेगम का अल्ट्रासाउंड किया गया है, उस अल्ट्रासाउंड में बच्चा खराब बताया गया है और अपने हॉस्पिटल के नाम के लेटर पैढ पर मरीज बेबी बेगम को रेफर किया गया है।रेफर साक्ष्य संलग्न हैं। अधिकारियों की नाक के नीचे खुलेआम बिना रजिस्ट्रेशन बिना परमिशन के डॉक्टर दानवीर सिंह अल्ट्रासाउंड मशीन एवं हॉस्पिटल चलवा रहे हैं। एडिटिंग वायरल वीडियो में मुख्यमंत्री योगी एवं जिलाधिकारी हाथरस से साक्ष्यों के आधार पर उपरोक्त हॉस्पिटल के विरुद्ध कार्यवाई की बात कही गई है।

# गंगेरू मार्ग पर झोलाछाप चिकित्सकों के साम्राज्य पर कब होगी करवाई

**वेलकम इंडिया**




**कांधला। मोहसीन रहमानी।** नगर के गंगेरू मार्ग पर झोलाछाप डॉक्टरों ने अपने बड़े-बड़े क्लीनिक खोलकर अपना साम्राज्य जमा रखा है। झोलाछाप चिकित्सक मरीज के साथ उनकी जान का खिलवाड़ कर रहे हैं। कई बार मौत हो जाने के बाद भी स्वास्थ्य विभाग आंख मूंद कर बैठा हुआ है। डॉक्टरों ने अपने क्लीनिक के बाहर बड़े-बड़े बोर्ड लगा रखे हैं जिनसे अतिक्रमण भी हो रहा है।नगर के गंगेरू मार्ग सहित आदि स्थानों पर बिना रजिस्ट्रेशन के चिकित्सकों ने अपने बड़े-बड़े क्लीनिक खोल रखे हैं। जिन पर अमजन की जान के साथ? खिलवाड़ किया जा रहा है नीली पीली दवाइयों के सहारे इलाज करने के बड़े-बड़े दावे किए जा रहे हैं। सूत्रों की माने है तो झोलाछा चिकित्सकों के क्लीनिक पर महिलाओं की डिलीवरी, ऑपरेशन सहित बड़ी-बड़ी बीमारियों का इलाज करने के नाम पर मोटी रकम वसूली जाती है।जब इन डॉक्टरों के यहां पर किसी की जान चली जाती है तो चिकित्सक अपना क्लीनिक बंद कर फरार हो जाता है।कई बार झोलाछाप डॉक्टरों के क्लीनिक पर महिला पुरुषों सहित मासूम बच्चों की भी मौत हो चुकी है। स्वास्थ्य विभाग केवल नोटिस देकर और कुछ दिन सील फिर से सील खूल जाती है। और फिर से फिर से क्लीनिक संचालित हो जाते हैं। गंगेरू मार्ग पर अल्ट्रासाउंड सेंटर,पैथोलॉजी लैब, हड्डी जोड़ तोड़ डॉक्टर, महिलाओं की डिलीवरी के क्लीनिक, एवं ऑपरेशन करने का अस्पताल, एक्स-रे मशीन, सैंटर खुले हुए हैं। जिन पर दिन रात मरीज को इलाज के नाम पर लुटा जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग आंख मूंद कर बैठा हुआ है, और क्लिनिक संचालक खुलकर लूट मचाने में लगे हुए हैं। फिलहाल यह तो समय के गर्भ में छिपा हुआ है कि स्वास्थ्य विभाग कब कार्रवाई करता है, यह फिर मामला ठंडा बस्ती में डाला जाता है।

## स्वास्थ्य विभाग द्वारा की जाती है सूचना लीक

**कांधला।** सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जब कोई पीड़ित व्यक्ति स्वास्थ्य विभाग से इस बारे में शिकायत करता है और स्वास्थ्य विभाग की टीम छापामारी करने के लिए पहुंचती है तो जनपद कार्यालय पर बैठे कुछ मिली भगत करने वाले कर्मचारी सूचना लीक कर देते हैं। झोलाछाप चिकित्सकों ने अपना एक व्हाट्सएप ग्रुप बना रखा है जिस पर सूचना डाल दी जाती है और सभी क्लीनिक संचालक सूचना प्राप्त होते ही फरार हो जाते हैं जिस कारण कार्रवाई से बच जाते हैं।

## क्या कहते हैं सीएमओ शामली

कांधला। जब इस बारे में सीएमओ विनोद कुमार से बात की गई तो उन्होंने कहा कि फिलहाल स्वास्थ्य विभाग की टीम कावड़ यात्रा में व्यस्त है। कावड़ यात्रा के बाद झोलाछाप चिकित्सकों के यहां पर छापेमारी कर कार्रवाई की जाएगी। किसी भी मरीज की जान के साथ खिलवाड़ नहीं होने दिया जाएगा।

# इकरा हसन का अपमान सहन नही :मतलूब अली,26 की जनसभा की तैयारियों में जुटी सपा

**वेलकम इंडिया**



**जहांगीराबाद।** सपा जिला सचिव अज्जू पठान के लाल कुआ स्थित आवास पर आयोजित सपा की बैठक में 26 जुलाई को बुलन्दशहर में होने वाली जनसभा को सफल बनाने की कार्यकताओं को जिम्मेदारी दी गयी। बैठक में पहुंचे मुख्य अतिथि सपा जिलाध्यक्ष मतलूब अली ने कहा कि 26 जुलाई को बुलन्दशहर में जनसभा होने जा रही जिसमें मुख्य अतिथि अमरोहा विधायक पूर्व मंत्री महबूब अली होंगे कार्यक्रम को सफल बनाने के लिये जिलाध्यक्ष ने कार्यकताओं को जिम्मेदारी देते हुए कहा कि अधिक से आधी संख्या में जनसभा में पहुंच कर अपने नेता महबूब अली के विचार सुने ।जिलाध्यक्ष मतलूब अली ने कहा कि सपा सांसद बहन इकरा हसन के खिलाफ टिप्पणी करने वाले के विरुद्ध सख्त से सख्त कार्यवाही की मांग करते हुए कहा कि जनप्रतिनिधियों के साथ अधिकारी ऐसा व्यवहार कर रहे जो निंदनीय है ऐसे अधिकारी के खिलाफ अभी तक सरकार ने कोई कार्यवाही नही की जिससे जनप्रतिनिधियों की भावनाओं को ठेस पहुंची है, उन्हें कहा कि करणी सेना के योगेश द्वारा की गई टिप्पणी के खिलाफ सभी धर्म व सामाजिक व किसान व पार्टी बहन इकरा हसन के साथ है ऐसे लोगों को समाज में बने रहने का कोई अधिकार नही है और ऐसे लोगो के खिलाफ कार्यवाही की जाये। इस मौके पर हाजी अख्तर,सुल्तान अंसारी सभासद,अज्जू पठान,हाजी खालिद सिद्दीकी, परवेज आलम,अजय अहेरिया,मुन्नन आदि मौजूद रहे।

# पार्थिव शिवलिंग निर्माण से जैन बगीची शिवमय, अभिनेता राजपाल यादव ने श्रद्धा से बनाए शिवलिंग

**वेलकम इंडिया**



**अंबाह।** श्रावण मास की पवित्र बेला में अंबाह स्थित जैन बगीची भगवान शिव की भक्ति से सराबोर हो उठी। ब्रह्मलीन संत पूज्य दद्दा जी की प्रेरणा और उनके ज्येष्ठ पुत्र गृहस्थ संत डॉ. अनिल त्रिपाठी के सानिध्य में चल रहे तीन दिवसीय पार्थिव शिवलिंग निर्माण महारुद्र यज्ञ के दूसरे दिन रविवार को श्रद्धा की एक अनुपम छवि देखने को मिली।इस भव्य आयोजन में फिल्म अभिनेता राजपाल यादव भी शामिल हुए।उन्होंने श्रद्धालुओं के बीच बैठकर पार्थिव शिवलिंग निर्माण किया और कहा, ह्ययह केवल पूजा नहीं, आत्मा को छूने वाला अनुभव है।इस आयोजन में सम्मिलित होकर मैं धन्य हुआ।ह्व उनके पहुंचते ही आयोजन स्थल पर विशेष उत्साह की लहर दौड़ गई।राधे-राधे मंडल, सागर द्वारा प्रस्तुत भजनों ने वातावरण को और अधिक आध्यात्मिक कर दिया।रभोलेनाथ तेरी महिमा अपरंपारर जैसे भजनों की स्वर लहरियों के बीच ओम्नमः शिवाय का जाप करते श्रद्धालुओं ने श्रद्धा से शिवलिंग निर्माण किया। डॉ. अनिल त्रिपाठी के मार्गदर्शन में दद्दा शिष्य मंडल द्वारा श्रद्धालुओं को मिट्टी की गोलियां, थाली, पूजन सामग्री, दुर्वा, पुष्प, बेलपत्र, पंचामृत आदि वितरित किए जा रहे थे।आयोजन की व्यवस्थाएं इतनी सुव्यवस्थित थीं कि हर श्रद्धालु को पूर्ण श्रद्धा के साथ पूजा का अवसर मिला। महिलाएं टोलियों में बैठकर भजनों के साथ शिवलिंग बना रही थीं।कुछ महिलाएं घर से लाई पूजन सामग्री से शिवलिंग पूजन कर रहीं थीं, जबकि आयोजन स्थल पर सभी आवश्यक सामग्रियां उपलब्ध थीं। बच्चों, युवाओं, बुजुर्गों सभी वर्गों की उत्साही भागीदारी ने इस आयोजन को सामूहिक साधना का स्वरूप दे दिया। डॉ. अनिल त्रिपाठी के निर्देशन में यह आयोजन धर्म, संस्कृति, पर्यावरण और आध्यात्मिक चेतना का अद्भुत संगम बना हुआ है। अंबाह, बरेह, पोरसा एवं समस्त चंबल परिक्षेत्र से आए शिष्यों ने इसे जन-जन की साधना का रूप दे दिया।प्रवचन के दौरान गृहस्थ संत डॉ अनिल त्रिपाठी ने कहा कि दद्दाजी ने अपनी अखंड दृष्टि के चलते खंड में बटी हुई आस्थाओं को पुनः अखंड कर दिया। वे एक ही यज्ञ पंडाल में सुबह रहरर (शिव) का निर्माण करवाते थे और संध्याकाल वहीं स्वयं के मुख से रहरीर (कृष्ण) की कथा सुनाते थे इस नाते पूज्य दद्दाजी रहरिहरात्मकर यज्ञ के अनूठे पुरोधा थे।

# बुंदेलखंड राज्य निर्माण का समर्थन नहीं करने पर अखण्ड बुंदेलखंड क्षेत्र के 9 सांसदों के प्रतीकात्मक सामूहिक पुतले फूंके

**वेलकम इंडिया**



**झांसी ।** निर्माण मोर्चा के अध्यक्ष भानू सहाय के नेतृत्व में बुंदेलखंड राज्य निर्माण के बारे में बुंदेलियों की भावनाओं से प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर एवं लोक सभा में प्राइवेट मेम्बर बिल नहीं रख कर राज्य निर्माण का समर्थन नहीं करने पर अखण्ड बुंदेलखंड क्षेत्र के नौ सांसदों का सामूहिक पुतले फूंके गए।

मोर्चा की पूर्व घोषणानुसार कि सांसद अगर प्रधानमंत्री को बुंदेलियों की भावनाओं से अवगत नहीं कराएंगे तो लोक सभा सत्र के पूर्व अखण्ड बुंदेलखंड के सांसदों का पुतले फूंके जाएगे। अखण्ड बुंदेलखंड क्षेत्र के सांसदों द्वारा राज्य निर्माण के विरोधी रवैए से बुंदेलियों में काफी रोष उत्पन्न होता जा रहा हैं। कही ये रोष 2027 के उत्तर प्रदेश, 2028 के मध्य प्रदेश एवं 2029 के लोक सभा चुनावों को पूरी तरह प्रवाहित कर जनप्रतिनिधियों को सबक न सिखा दें। कसम राम की खाते हैं, बुंदेलखंड राज्य बनवाएंगे और जो बुंदेलखंड का नहीं वो किसी काम का नहीं के नारे लगाते हुए गांधी पार्क से पुतला लेकर कचहरी चौराहे पहुंच कर पुतले को फुक दिया। सांसदों के राज्य निर्माण के प्रति उदासीनता एवं नकारात्मक रवैए के कारण लोक सभा सत्र के मध्य में प्रधानमंत्री, गृह मंत्री एवं रक्षा मंत्री का पुतला फूंकने को बाध्य होगे जिसकी जवाबदेही इन सांसदों की होगी। पुतला फूंकने वालों में रघुराज शर्मा, गिरजा शंकर राय,कुंवर बहादुर आदिम, हनीफ खान, गोलू ठाकुर, प्रदीप झाँ एडवोकेट, अनुराग मिश्रा एडवोकेट, रजनीश श्रीवास्तव, ब्रजेश राय, रसीद कुरैशी, प्रेम सपेरे, प्रदीप गुर्जर, रामजी सिंह जादौन पारीछा ,सचिन साहू, प्रभू दयाल कुशबाहा, शाहिद बेगम,मो राहत कुरैशी अनिल कश्यप जिलाध्यक्ष, आशीष रायकवार नगर अध्यक्ष, राजेन्द्र कुमार पूर्व पार्षद ,कुंती राय, शाहजहां बेगम, अलीशान, अजय श्रीवास्तव एडवोकेट ,विक्की गौत्तम, आशीष रायकवार, राहुल वर्मा आदि मौजूद रहे।

# अटेवा पेंशन बचाओ मंच की एक महत्वपूर्ण बैठक राजकीय इंटर कॉलेज बरेली के सभागार में संपन्न हुई


वेलकम इंडिया/चरन सिंह



**बरेली।** अटेवा पेंशन बचाओ मंच की एक महत्वपूर्ण बैठक राजकीय इंटर कॉलेज बरेली के सभागार में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष जगदीश गंगवार ने की। इस बैठक में बोलते हुए जिलाध्यक्ष डॉ मनीष गंगवार ने कहा कि एनपीएस, यूपीएस और निजीकरण से शिक्षक, कर्मचारी व अधिकारियो का भविष्य भविष्य खोखला होता जा रहा है। एनएमओपीएस/ अटेवा निजीकरण के खिलाफ देश हित की लडाई लड रहा है। इसी क्रम में एनएमओपीएस के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कुमार बन्धु ने आगामी संघर्ष की घोषणा कर दी है। 1 अगस्त 2025 को देश भर के समस्त जिला मुख्यालयों पर एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन व आक्रोश मार्च का आयोजन होगा। इसके बाद 5 सितम्बर को निजीकरण के विरोध में सामूहिक उपवास कार्यक्रम रहेगा। 1 अक्टूबर को एक्स पर एनपीएस, यूपीएस व निजीकरण के विरोध में ट्विटर (एक्स) पर महा अभियान चलाया जाएगा। 25 नवंबर को दिल्ली में निजीकरण के खिलाफ एक महारैली का आयोजन होगा जिसमें देश भर के शिक्षक व कर्मचारी भागीदारी करेंगे। अटेवा की महिला विंग की जिला उपाध्यक्ष पुष्पा गंगवार, प्राची शर्मा ने कहा कि निजीकरण की मार देश के हर तबके पर पड़ रही है। बड़े पूंजी घरानों को लाभ देने के लिए देश की सम्मति और संसाधनों का केन्द्रीकरण किया जा रहा है। गरीब किसान व मजदूर के बच्चों को शिक्षा के अधिकार से वंचित रखने की साजिश को अंजाम दिया जा चुका है। ऐसे में हर शिक्षक व कर्मचारी का राष्ट्रीय कर्तव्य है कि वो निजीकरण की सच्चाई देश की आम जनता के सामने लाये। जिला संगठन मंत्री योगेंद्र यादव ने कहा कि जनता द्वारा चुकाये गये टैक्स के पैसे को सीधे तौर पर एनपीएस व यूपीएस के नाम पर शेयर बाजार के माध्यम से पूंजीपतियों और बहुराष्ट्रीय कंपनियों के हवाले किया जा रहा है। ऐसे में अटेवा पुरानी पेंशन बहाली की मुहिम को पुरजोर तरीके से ऐसे ही बढाता रहेगा। जिला कोषाध्यक्ष हेम पाल गंगवार ने बताया कि 15 जुलाई से अटेवा का सदस्यता अभियान शुरू हो चुका है। पुरानी पेंशन की लडाई में सभी शिक्षक व कर्मचारी अटेवा की सदस्यता लेकर संगठन को मजबूती प्रदान करें। इस बैठक को राजेश्वरी मौर्य, कृष्णा राठौर, केवेंद्र गंगवार, सरोज वर्मा, धर्मवीर गंगवार, जसवीर सिंह, अनिल कुमार, रशीदा सूरी, रवि शंकर रस्तोगी ने भी संबोधित कर कार्यक्रमों को सफल बनाने पर विचार विमर्श किया। मंच का सफल संचालन संयुक्त मंत्री जितेंद्र श्रीवास्तव ने किया।

# सुप्राचीन जैन तीर्थ करगुंवाजी में होगी मंगल कलश स्थापना

वेलकम इंडिया



**झाँसी:-** वीरभूमि झाँसी महानगर में आचार्यश्री विद्यासागरजी महामुनिराज के शिष्य दया भावना फाउण्डेशन प्रणेता पूज्य मुनिश्री अविचलसागरजी महाराज का चातुर्मास होने जा रहा है। जिसके अंतर्गत आज मंगलवार को दोपहर 1 बजे से सुप्राचीन जैन तीर्थ करगुंवाजी में अमृत पावन वषायोग हेतू भव्य मंगल कलश स्थापना समारोह आयोजित किया जा रहा हैं। चातुर्मास की व्यवस्था संचालन हेतू अमृत पावन वषायोग समिति का गठन किया गया हैं। जिसमें वरिष्ठ व्यापारी नेता शैलेन्द्र जैन प्रेस को अध्यक्ष, डॉ निर्देश जैन एवं डॉ राजीव जैन को मुख्य सलाहकार, मनोज सिंघई, डॉ अभिषेक जैन, कमलेश जैन हैन्डलूम को उपाध्यक्ष, दिनेश जैन डीके एवं सौरभ जैन सर्वज्ञ को महामंत्री, देवेन्द्र जैन एल. आई. सी. को कोषाध्यक्ष, बृजेन्द्र मोदी को सह कोषाध्यक्ष एवं प्रभात जैन कुंजबिहारी को ऑडिटर, अलंकार जैन, अंकित सर्राफ एवं यश सिंघई को स्वागताध्यक्ष बनाया गया। नितिन जैन सदर, निशांत जैन डेयरी, सनी जैन चैनू, सिद्धार्थ जैन करगुंवा, देवेश जैन केडी कार्यक्रम संयोजक की भूमिका का निर्वाहन करेंगे। विशाल जैन गुदरी, रविन्द्र सिंघई, रमेश जैन बिजली, आलोक जैन विश्वपरिवार, नरेश जैन मल्लन, अभिनन्दन मोदी, जिनेन्द्र जैन मोंठ, राजीव ड्योडिया, अतुल जैन सर, नीलेश मोदी, अमित जैन प्रधान, संजय कर्नल, सचिन सर्राफ, अभिनव जैन स्पर्श, शुभम जैरी, एंजी. अतिशय जैन, सजल जैन चैनू संयोजक के रूप में रहेगें। धरनेंद्र जैन डॉली, विवेक जैन नगरा, कमलेश जैन रोहित गारमेंट्स, प्रदीप जैन महरौनी, विपिन जैन ओम बिजली, चक्रेश जैन कैलाश रेजिडेंसी, प्रमोद जैन वैरायटी, इंजी एम के जैन, विनय चौधरी, डॉ अर्पित जैन, शरद जैन, पवन जैन सीपरी, राजीव शिवाजी, अनुराग जैन एल.आई.सी., अरुण सिर्स, डॉ सचिन जैन आयुवेर्दाचार्य, विवेक नायक, बाहुबली जैन को प्रभारी बनाया गया।

# विद्यालय में हुआ पोषण वाटिका का उद्घाटन



वेलकम इंडिया

**बाड़मेर राजस्थान 21 जुलाई, 2025 ।** राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय सांसियों का तला, बाड़मेर में विभागीय निदेर्शानुसार विद्यालय परिसर में पोषण वाटिका स्थापित की गई। इस पोषण वाटिका में प्रधानाध्यापिका श्रीमती गुंजन आचार्य एवं स्टेट अवार्डी शिक्षक मुकेश बोहरा अमन की उपस्थिति में बीजारोपण कर उद्घाटन किया गया। जहां वाटिका में पालक, धनिया, ककड़ी, मिर्ची, टमाटर, तूरी आदि का बीजारोपण हुआ। स्टेट अवार्डी शिक्षक मुकेश बोहरा अमन ने बताया कि पोषण वाटिका के जरिए स्कूलों में मध्याह्न भोजन की गुणवत्ता में सुधार को लेकर विद्यालय में स्थानीय स्तर की पोषणयुक्त सब्जियों को उगाया जा रहा है। इससे बच्चों को पोषणयुक्त आहार मिल सकेगा। अमन ने बताया कि विद्यालय की पोषण वाटिका में अलग-अलग किस्म के बीजों का रोपण किया गया। जिसमें पालक, धनिया, ककड़ी, मिर्ची, टमाटर, तूरी आदि शामिल है। इस दौरान विद्यालय स्टाफ श्रीमती गुंजन आचार्य, मुकेश अमन, डालूराम सेजू, पीटीआई राजेश जोशी, उषा जैन, सीमा शर्मा व रिया शर्मा सहित विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# शिव कावड़ सेवा समिति बागपत के कावड़ शिविर में हुआ आईस्क्रीम और ठंड़ाई का वितरण

वेलकम इंडिया




**बागपत।** दिल्ली सहारनपुर हाइवे पर नैथला मोड़ के पास शिव कावड़ सेवा समिति बागपत के कावड़ शिविर में भोलों को आईस्क्रीम, ठंड़ाई, घेवर, शिकंजी, पेडे, जलेबी, फ्रूटी, जलजीरा, कोल्ड़ ड्रिंक आदि का वितरण किया गया। समिति से जुड़े नरेश चौहान ने बताया कि उनके कावड़ शिविर से जुड़े सभी लोग भोलों की 24 घंटे सेवा कर रहे है। बताया कि जैसे-जैसे शिवरात्रि का समय नजदीक आता जा रहा है भोलों की संख्या बढ़ती जा रही है। भोलों के विश्राम, भोजन, नहाने, चिकित्सा आदि के अलावा उनके मनोरंजन के लिए भी कावड़ शिविर में व्यवस्था की गयी है। कहा कि शिविर से जुड़े समिति के सभी सदस्य तन, मन, धन से कावड़ियों की सेवा कर रहे है। इस शिविर को समाज के सभी लोगों द्वारा चलाया जाता है और सभी लोग इसमें दिल से सेवा प्रदान करते है। कहा कि हम कावड़ियों का विशेष ध्यान रख रहे है और कावड़ शिविर में कावड़ियों को किसी भी प्रकार की समस्या नही होने दी जायेगी। कावड़ शिविर में सेवादारों ने सुन्दर कावड़ों के साथ फोटो भी लिये। इस अवसर पर अंशुधर भारद्वाज उर्फ राजू, विकास शर्मा, राजू मास्टर शिकोहपुर, जितेन्द्र मलिक बागपत, संदीप नैन बसी, राजेन्द्र कुमार बागपत, संजय शर्मा सरूरपुर, अंशुल कुमार बागपत, गोपाल ढिकौली, सुमित ढाका ढिकौली, संजय चौहान बागपत, नवीन ढाका ढिकौली, शिवम कुमार बागपत, अंशुल कुमार बागपत, विशाल दुढ़भा, प्रवीण दुढ़भा, निशान्त बागपत, गेटवे इंटरनेशनल स्कूल के प्रधानाचार्य अमित चौहान, राजपूत विकास समिति के अध्यक्ष सुनील चौहान, भट्टा कारोबारी नीरज नैन, नरेश सिसाना, अंशुधर भारद्वाज उर्फ मोनू बागपत, मोहर सिंह बागपत, रामनरेश, सतीश जैन उर्फ कल्लू जैन बड़ौत, महामहिम राष्ट्रपति और उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा सम्मानित वरिष्ठ पत्रकार विपुल जैन बागपत, वीरसेन फैजपुर निनाना, देवेन्द्र सिंह फैजपुर निनाना, बाबा कंवरनाथ घिटोरा वाले, शिक्षक सुरेन्द्र रूहेला, महेश कुमार बागपत, मनोज गोयल, डॉक्टर वीरेन्द्र, डॉक्टर बाबूखान सहित अनेकों लोग उपस्थित थे।

# थाना खीरी पुलिस की ताबड़तोड़ कार्रवाई, सात अपराधी गिरफ्तार

मोहम्मद असलम



**लखीमपुर खीरी।** जनपद खीरी में अपराध पर अंकुश लगाने के लिए थाना खीरी पुलिस लगातार सख्त कार्रवाई कर रही है। सोमवार को थाना प्रभारी निराला तिवारी के नेतृत्व में खीरी पुलिस ने तीन अलग-अलग मामलों में कुल सात अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों में वारंटी, वांछित, जानलेवा हमले के आरोपी और अवैध असलहा रखने वाले शामिल हैं। इससे पहले भी थाना प्रभारी द्वारा अवैध शराब, झूठी सूचना और अन्य गंभीर मामलों में कार्रवाई की जा चुकी है, जिससे क्षेत्र में कानून व्यवस्था को लेकर आमजन में भरोसा और अपराधियों में खौफ बना हुआ है ।सोमवार की कार्रवाई में पुलिस ने सबसे पहले पुराने मुकदमे में फरार चल रहे तीन वारंटियों पप्पू, चिरौंजी, और राजाराम (तीनों निवासी मोहल्ला ढखवा, ओयल) को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा ।दूसरी कार्रवाई में गुलफाम पुत्र रियाजुद्दीन, निवासी मोहल्ला महाराजनगर, को एक देसी तमंचा और एक जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया। गुलफाम के खिलाफ पहले से कई संगीन आपराधिक मामले दर्ज हैं ।तीसरी कार्रवाई में पुलिस ने जानलेवा हमले के आरोप में भूरेलाल उर्फ घूरेलाल और अजय सिंह (निवासी ग्राम सैदीपुर हरैय्या) को गिरफ्तार किया। इनके पास से एक साइकिल और ?500 की नकदी बरामद हुई ।पुलिस टीम में उपनिरीक्षक पटेल राठी, शुभम कुमार, आरक्षी लोकेश कुमार, हरिलाल गौतम, पंकज निर्मल, अंगद यादव और रामलखन शामिल रहे।

# बुजुर्ग मां ने बेटों से परेशान होकर एसएसपी से लगाई मदद की गुहार

वेलकम इंडिया/सुनील गुप्ता




**बरेली।** इंसानियत को शर्मसार करने वाला एक मामला थाना बारादरी क्षेत्र से सामने आया है, जहां 70 वर्षीय बुजुर्ग महिला खुशीर्दा बेगम ने अपने ही बेटों और बहू पर मारपीट, जान से मारने की धमकी, जबरन घर से बेदखल करने और लाखों की चोरी का गंभीर आरोप लगाया है। न्याय की गुहार लगाते हुए बुजुर्ग महिला ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) को प्रार्थना पत्र सौंपकर सख्त कार्रवाई की मांग की है। आजाद नगर गौटिया निवासी खुशीर्दा बेगम ने बताया है कि उनका पुश्तैनी मकान दोमंजिला है, जिसमें ऊपरी मंजिल पर उनका बड़ा बेटा अब्दुल शमीम अपने परिवार के साथ रहता है। निचली मंजिल उनके व छोटे बेटे के हिस्से की है, जिसे ताला लगाकर बंद किया गया था। लेकिन 10 जुलाई को दीवार काटकर घर में घुसकर साढ़े 9 तोला सोने के जेवरात, फ्रिज, टीवी, इन्वर्टर, गैस सिलेंडर समेत कीमती सामान चोरी कर लिया गया। पीड़िता ने जब इस संबंध में अब्दुल शमीम व उसकी पत्नी यासमीन से पूछा तो दोनों ने गाली-गलौज कर घर से निकाल दिया और खुलेआम स्वीकार किया कि चोरी उन्होंने ही की है। इतना ही नहीं, उन्होंने बुजुर्ग मां को जान से मारने की धमकी भी दी। खुशीर्दा बेगम ने आगे बताया है कि 18 नवंबर 2023 को उन्होंने रजिस्ट्री कार्यालय में जाकर बेटे अब्दुल शमीम, बहू यासमीन व उनके बच्चों को संपत्ति से बेदखल कर दिया था। इसी रंजिश में वह लगातार उन्हें परेशान कर रहे हैं।

# विद्युत सेवा महाअभियान सिद्धार्थनगर कैंप में 10:22 की हुई राजस्व वसूली

असदुल्लाह सिद्दीकी

> प्राप्त शिकायतों में 94 उपभोक्ताओं का बिल संशोधन, नए संयोजन का 5, भार वृद्धि 32, विधा परिवर्तन की 16 एवं अन्य संबंधित कार्यों की 45 शिकायत प्राप्त हुई।

**सिद्धार्थनगर।** विद्युत वितरण खण्ड- सिद्धार्थनगर के कार्यालय पर सोमवार को विद्युत सेवा महाअभियान आयोजित किया गया, जिसमें विभिन्न प्रकरणों में कुल 192 उपभोक्ताओं द्वारा शिकायत दर्ज करायी गयी। प्राप्त शिकायतों में 94 उपभोक्ताओं का बिल संशोधन, नए संयोजन का 5, भार वृद्धि 32, विधा परिवर्तन की 16 एवं अन्य संबंधित कार्यों की 45 शिकायत प्राप्त हुई। अधिशाषी अभियंता ज्ञान प्रकाश ने बताया कि समाधान रजिस्ट्रेशन करा लिया गया है एवं सभी समस्याओं का निराकरण 7 दिन के अंतर्गत कर दिया जायेगा। कैम्प में 257 उपभोक्ताओं से कुल रू0 10 लाख 22 हजार की राजस्व वसूली हुई। कैम्प का संचालन अधिशासी अभियंता इं0 ज्ञान प्रकाश एवं समस्त एसडीओ द्वारा किया गया, विद्युत मेगा कैम्प में उपभोक्ताओं की सभी समस्याओं का निस्तारण किया गया। कैंप में खंड, उपखंड एवं मीटर विंग के सभी कर्मचारियों द्वारा प्रतिभाग करके उपभोक्ताओं की सभी समस्याओं और रजिस्टर किया गया।

इस दौरान आयोजित कैम्प का निरीक्षण प्रबन्ध निदेशक वाराणसी शम्भू कुमार के साथ मुख्य अभियंता बस्ती वी.के. गुप्ता, अधीक्षण अभियंता अजय कुमार, अधिशासी अभियंता ज्ञान प्रकाश द्वारा किया गया एवं अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। कैंप में समस्त उप खण्ड अधिकारी योगेश बघेल, विनोद कुमार, प्रेम प्रकाश वर्मा, सुनील कुमार द्विवेदी, रमाशंकर एवं विद्युत विभाग के समस्त कर्मचारी मौजूद रहे।

# बाकनेर स्वतंत्र नगर नरेला के शिविर में पहुँचे नरेला विधायक राजकरण खत्री



वेलकम इंडिया

**बागपत, उत्तर प्रदेश।** विवेक जैन। सोमवार को नरेला के भाजपा विधायक व प्रमुख समाजसेवी राजकरण खत्री बागपत में लधवाडी मोड़ पर शिव शंकर कावड़ सेवा समिति बाकनेर स्वतंत्र नगर नरेला द्वारा लगाये कावड़ शिविर में पहुँचे। शिविर में पहुँचने पर उन्होने कावड़ियों की सेवा में हो रही सभी व्यवस्थाओं का जायजा लिया और कावड़ियों की सेवा की। उन्होने शिविर के शानदार आयोजन के लिए कावड़ शिविर से जुड़े सभी लोगों की जमकर प्रशंसा की। राजकरण खत्री ने कहा कि कांवड़ यात्रा हिंदू धर्म में एक महत्वपूर्ण धार्मिक यात्रा है। इसमें भगवान शिव के भक्तों की त्याग, तपस्या, समर्पण और गजब की श्रद्धा झलकती है। कांवड़ को कंधे पर रखकर सैकड़ों किलोमीटर पैदल ले जाना एक शारीरिक और मानसिक समर्पण को दशार्ता है, इसलिए यह एक साधना भी है। यह यात्रा सावन महीने में इसलिए आयोजित होती है, क्योंकि सावन को भगवान शिव का महीना कहा जाता है। उन्होने कावड़ शिविर के संचालन में संचालकों को हर सम्भव सहयोग करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर राजीव खत्री, संदीप खत्री, सुशील बली, भारतीय किसान यूनियन संघर्ष मोर्चा के जिलाध्यक्ष अर्जुन प्रधान निवाड़ा, सुप्रसिद्ध समाजसेवी हरिओम बली, कपिल शर्मा, अरविन्द त्यागी ठेकेदार नेथला, महेन्द्र सिंह, कृष्ण पुत्र राममेहर, प्रियदेव, इंटरनेशनल अवार्डी व महामहिम राष्ट्रपति व उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा सम्मानित वरिष्ठ पत्रकार विपुल जैन, जगपाल महाराज, रमेश कुमार, डाक्टर नरेन्द्र कुमार मुरथल, गौरव दत्त, निखिल खत्री, सुरेश खत्री, भीम खत्री, आनन्द, विष्णु, महेश, अनिल, राकेश, नीरज नैन सहित सैंकड़ों भोले और श्रद्धालुगण उपस्थित थे।

# पत्रकारिता में निष्पक्षता जरूरी, प्रतिशोध से बचें - इंद्रजीत शुक्ला

वेलकम इंडिया



**मेहदावल(संतकबीरनगर)।** इंडियन जर्नलिस्ट एसोसिएशन की एक महत्वपूर्ण बैठक रविवार को मेंहदावल तहसील क्षेत्र के कुसुरु खुर्द गांव में आयोजित की गई। बैठक में संगठन की मजबूती, विस्तार और पत्रकारों की चुनौतियों पर चर्चा हुई ।मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे एसोसिएशन के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं वरिष्ठ पत्रकार इंद्रजीत शुक्ल ने कहा कि पत्रकारों को पूरी निर्भीकता और निष्पक्षता के साथ रिपोर्टिंग करनी चाहिए। खबर संकलन के दौरान प्रतिशोध की भावना से बचना चाहिए, क्योंकि निष्पक्ष पत्रकारिता ही लोकतंत्र की ताकत होती है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि संगठन हर पत्रकार के साथ खड़ा है। जिलाध्यक्ष ने कहा कि अगर कोई पत्रकार उत्पीड़न या दबाव का शिकार होता है, तो संगठन आर-पार की लड़ाई को तैयार है ।इस अवसर पर मौजूद पत्रकारों को संगठन की ओर से पहचान पत्र भी वितरित किए गए। बैठक में प्रमुख रूप से इंद्रजीत शुक्ल, प्रदेश संगठन सचिव के०डी०सिद्दीकी, राजकपूर गौतम, विकास अग्रहरि, धर्मराज अग्रहरि, अवध उपाध्याय, अकबर अली, वासुदेव यादव, प्रदीप मिश्रा, अजय मिश्रा, मोहम्मद अनस, दिनेश चौरसिया, वीरेंद्र मणि त्रिपाठी, लालचंद्र मद्धेशिया, पिंटू लाल यादव, अखिलेश यादव प्रेम कुमार गौतम शिवेंद्र यादव सहित कई पत्रकार मौजूद रहे।

# उत्तम दीक्षित भाजपा सहयोग मंच के प्रदेशाध्यक्ष बने

वेलकम इंडिया



**राजाखेड़ा धौलपुर राजस्थान ।** जिले के वरिष्ठ पत्रकार एवं समाजसेवी उत्तम दीक्षित को भाजपा सहयोग मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष आशुतोष के. शर्मा के निर्देश एवं मा. श्री महामंडलेश्वर भईया दास जी महाराज राष्ट्रीय कार्यवाहक अध्यक्ष की अनुशंसा तथा श्रीमती सोनी सिंह राष्ट्रीय महासचिव के प्रस्ताव पर राजस्थान प्रदेश के भाजपा सहयोग मंच अध्यक्ष पद पर मनोनीत किया गया है।

संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष आशुतोष कुमार शर्मा ने बताया कि दीक्षित लंबे समय से आमजन की भलाई के कार्यो के साथ मानवाधिकारों के संरक्षण के कार्य मे भी बेहद प्रगतिशीलता के साथ जुड़े हुए हैं ।दीक्षित भारतीय ग्रामीण पत्रकार संघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भी है। उनके नेतृत्व में नीति आयोग से जुड़ी उनकी संस्थाओं ने बेहतरीन कार्य निष्पादन किया है। उनके मनोनयन पर भाजपा नेताओं एवं दीक्षित के समर्थको ने हर्ष व्यक्त किया है।

# द मानसून कार्निवल 2025 का हुआ शुभारंभ

समर्थ कुमार सक्सेना



**लखनऊ।** प्रगति इवेंट, लखनऊ विकास प्राधिकरण और जेटेक कंपनी द्वारा लखनऊ के गौतम बुद्ध पार्क में 21 जुलाई से 17 अगस्त 2025 तक द मानसून कार्निवाल 2025 का शुभारंभ प्रगति इवेंट के अध्यक्ष विनोद कुमार सिंह, उपाध्यक्ष एनबी सिंह, जेटेक कंपनी के अधिकारी अभिषेक, अनुराग एवं समीर की उपस्थिति में वैदिक मंत्रों, भगवान गणेश की आराधना तथा भगवान शिव की स्तुति के साथ आरंभ हुआ।

गौतम बुद्ध पार्क लखनऊ में 21 जुलाई से 17 अगस्त तक चलने वाले द मानसून कार्निवल 2025 मे सांस्कृतिक संध्या के साथ विशेष आकर्षण झूलो संग मस्ती खाने पीने के लिए फूड स्टॉल, पार्क में बोटिंग सहित बच्चों के मनोरंजन और खेल के लिए बहुत कुछ उपलब्ध है। फर्नीचर, क्रोकरी जरूरत का हर सामान उचित मूल्य पर उपलब्ध रहेगा। प्रगति इवेंट के अध्यक्ष विनोद कुमार सिंह ने इस संबंध बताया कि लखनऊ विकास प्राधिकरण एवं जेटेक कंपनी के सहयोग से यूपी दर्शन पार्क में समर कार्निवल 2025 की सफलता और उपलब्धियां के बाद गौतम बुद्ध पार्क में द मानसून कार्निवल 2025 का आयोजन 17 अगस्त 2025 तक किया जा रहा है। गौतम बुद्ध पार्क में हमारे पारंपरिक खेल जैसे गुल्ली डंडा, कांचा, कबड्डी, खो-खो कलाकृतियों के माध्यम से पुनः जीवित करने का प्रयास किया गया है। प्रगति इवेंट का भी उद्देश्य पर्यावरण, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, विलुप्त होती लोक कला, लोक संस्कृति और परंपरागत विरासत को बचाने का प्रयत्न रहता है। प्रगति इवेंट की सांस्कृतिक संध्या में आज नृत्य मंथन स्कूल आफ डांस जिसकी निर्देशिका अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त अंकित बाजपेई के नेतृत्व में शिवांगी, आराध्या, आस्था द्वारा गणेश वंदना से सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। देश भक्ति गीतों को अनन्या, राजविका, ईशानी, देवांशी द्वारा चक दे इंडिया, सबसे आगे होगा हिंदुस्तानी; ओ रे पिया डांस शिवांगी और आराध्या द्वारा; कथक डांस गार्गी द्विवेदी द्वारा; सोलो डांस आराध्या वर्मा द्वारा खूब सराहा गया। संस्था के उपाध्यक्ष एनबी सिंह द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेने वाले बच्चों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

# डीएम एसपी ने हेलीकॉप्टर से शिव भक्त कांवड़ियों पर पुष्प वर्षा कर किया स्वागत

वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह वरिष्ठ



हापुड़/उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आदेश अनुपालन में डीएम अभिषेक पांडे, एसपी कुंवर ज्ञानेंजय सिंह (जिला प्रशासन की अफसर शाही टीम) के द्वारा शिव भक्त कांवड़ियों पर हेलीकॉप्टर से रिमझिम-रिमझिम फुहारों के बीच पुष्प वर्षा कर शिव भक्तों का स्वागत करने पर भगवान शिव की आस्था के संगम में डूबे कांवरियों के चेहरे खिल उठे। और हर हर महादेव उद्घोष जय कारों से आसमान गूंजने उठा।

आपको बता दें कि उत्तर प्रदेश की योगी सरकार कांवड़िए शिव भक्तों की सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टिगत सेवा श्रद्धा भाव को लेकर पूर्ण रूप से समर्पित नजर आ रही है। शिव भक्त कांवड़ियों को किसी भी तरह की कोई भी परेशानी न हो इसको लेकर प्रशासनिक अमला चप्पे-चप्पे पर लगा हुआ है। ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मी शिव भक्तों की सुरक्षा को लेकर मुस्तैदी के साथ अपनी ड्यूटी का निर्वाह कर रहे हैं। इसी क्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आदेश अनुपालन में जिला प्रशासन की अफसर शाही टीम के जिला अधिकारी अभिषेक पांडे, एसपी कुंवर ज्ञानेंजय सिंह के द्वारा हेलीकॉप्टर से जनपद में शिव कांवड़िए भक्तों पर पुष्प वर्षा कर शिव भक्तों का उत्साहवर्धन किया गया ।जिसको लेकर शिव भक्तों के चेहरे खुशी से झूम उठे। और हर-हर महादेव बम-बम भोले जैसे धार्मिक उद्घोष जयकारों से आसमान गूंज उठा।

# मंडलायुक्त, डीआईजी ने तीर्थ नगरी ब्रजघाट में आस्था के संगम में

वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह वरिष्ठ



**हापुड़ गढ़मुक्तेश्वर**/तीर्थ नगरी बृजघाट में ऐतिहासिक प्रचलित कांवड़ यात्रा को सुगम सफल एवं श्रद्धालुओं को प्राथमिकता के आधार पर सर्वोच्च सुरक्षा व्यवस्था मुहैया कराने को लेकर मेरठ मंडल आयुक्त हृषिकेश भास्कर यशोद, पुलिस उपमहानिरीक्षक कला निधि नैथानी ने भगवान शिव शंकर की आस्था के संगम में डूबे शिव भक्त कांवरियों की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर मेरठ से ब्रजघाट तक कावड़ मार्ग का धरातलीय निरीक्षण किया। और तीर्थ नगरी ब्रजघाट पहुंचकर घाटों पर लगे पुलिस बल को ब्रीफ कर गोताखोरों से फीडबैक ली। और यातायात सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लेने के साथ स्थानीय प्रशासन के साथ समीक्षा बैठक कर मौके पर तैनात पुलिस प्रशासनिक अधिकारियों को दिशा निर्देश जारी किए। इस अवसर पर समीक्षा बैठक के दौरान डीएम अभिषेक पांडे एसपी कुंवर ज्ञानेंजय सिंह, एडिशनल एसपी विनीत भटनागर, एसडीएम अंकित वर्मा, पुलिस क्षेत्राधिकारी वरुण मिश्रा, सहित अन्य प्रशासनिक पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे।

# पत्रकार की सुरक्षा पर सवाल: दबंगों ने की मारपीट, पुलिस नहीं दर्ज कर रही रिपोर्ट

वेलकम इडिया राजेंद्र सिंह वरिष्ठ



हापुड़ से एक चौंकाने वाली खबर सामने आई है जहाँ योगी सरकार की पत्रकार सुरक्षा को लेकर की गई सख्त घोषणाएं धरातल पर फेल होती नजर आ रही हैं।

दबंगों ने एक पत्रकार और उसकी पत्नी को घर में घुसकर बुरी तरह पीट दिया, लेकिन हैरानी की बात यह है कि पुलिस अब तक रिपोर्ट दर्ज नहीं कर रही ।यह घटना हापुड़ नगर कोतवाली क्षेत्र की आदर्श नगर कॉलोनी की है, जहाँ पत्रकार पुष्पेंद्र के घर में तीन लोगों ने जबरन घुसकर गाली-गलौज, तोड़फोड़ और मारपीट की। इस हमले में पत्रकार के साथ-साथ उनकी पत्नी और भतीजी को भी गंभीर चोटें आई हैं। तीनों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है ।पीड़ित पत्रकार का कहना है कि वह जब ऑफिस से घर लौट रहे थे, तभी घर के बाहर तीन लोगों ने उन्हें घेर लिया और जानलेवा हमला किया। शोर सुनकर बचाव में आई उनकी पत्नी और भतीजी को भी दबंगों ने नहीं बख्शा ।पत्रकार ने इस हमले के पीछे तीन लोगों—बिट्टू पुत्र अशोक कुमार (निवासी आदर्श नगर कॉलोनी), दीपक पुत्र जितेन्द्र (निवासी मोती कॉलोनी), और एक अज्ञात व्यक्ति—के खिलाफ कोतवाली नगर में लिखित तहरीर दी है, लेकिन अब तक पुलिस द्वारा कोई ऋकफ दर्ज नहीं की गई है। यह पूरा मामला प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की पत्रकार सुरक्षा को लेकर की गई घोषणाओं को चुनौती देता नजर आता है। सवाल उठता है क्या दबंगों के डर से कानून भी खामोश है ?और क्या अब पत्रकार भी अपने ही घर में सुरक्षित नहीं हैं ?

# तीन साल से फरार 25 हजार का इनामियां आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

असदुल्लाह सिद्दीकी

**खेसरहा/सिद्धार्थनगर।** थाना खेसरहा पुलिस ने सोमवार को 25 हजार रुपये के इनामी अपराधी को गिरफ्तार किया है। निजाम अंसारी उर्फ निजाम हुसैन पिछले तीन साल से फरार चल रहा था ।आरोपी पर वीजा दिलाने के नाम पर धोखाधड़ी करने का आरोप है। पुलिस अधीक्षक डा. अभिषेक महाजन के निर्देश पर चलाए गए अभियान में यह कार्रवाई की गई। थानाध्यक्ष खेसरहा अनूप कुमार मिश्रा के नेतृत्व में टीम ने आरोपी को पकड़ा। निजाम अंसारी मूल रूप से संतकबीरनगर के धर्मसिंहवा का रहने वाला है। वह महराजगंज जिले के कोल्हुई थाना क्षेत्र के महुअवा गांव में रह रहा था। आरोपी के खिलाफ खेसरहा और बखिरा थानों में तीन मुकदमे दर्ज हैं। 26 जून 2022 को देवरी गांव के हबीब खां ने शिकायत दर्ज कराते हुए बताया था कि निजाम ने वीजा दिलाने के नाम पर उनका पासपोर्ट और 95 हजार रुपये ले लिए। न तो वीजा मिला और न ही पैसे वापस किए। जांच में पता चला कि आरोपी ने 12 और लोगों से भी इसी तरह ठगी की है। पीड़ितों द्वारा पैसों की मांग करने पर आरोपी उन्हें जान से मारने की धमकी देता था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। पुलिस अधीक्षक ने गिरफ्तारी करने वाली टीम की सराहना की है।

# हरिद्वार से कांवड़ लेने गया शिव भक्त छात्र गंगा में डूबा, शव की तलाश जारी, परिवार में मचा कोहराम

वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह वरिष्ठ




**हापुड़ गढ़मुक्तेश्वर**/जनपद हापुड़ के थाना सिंभावली क्षेत्र अंतर्गत आने वाले गांव मुरादपुर निवासी 20 वर्षीय शिव श्रद्धालु भक्त निशांत त्यागी पुत्र शिवकुमार त्यागी 20 जुलाई 2025 को हरिद्वार से कांवड़ लेने गया था। जो गंगा नदी में में स्नान करते समय दुर्भाग्यवश डूब गया। घटना की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार निशांत नोएडा स्थित एक संस्थान से बीटेक द्वितीय वर्ष की पढ़ाई कर रहा था ।और श्रावण मास में कांवड़ लाने की भावना से हरिद्वार गया था। लेकिन किसी कारणवश वह गंगा नदी में में स्नान करते समय गंगाजल के तेज बहाव की धारा में बह गया। गंगा में डूबने की इस दुखद घटना के बाद गोताखोरों की टीम के द्वारा लगातार शव की तलाश की जा रही है। समाचार लिखे जाने तक युवक का शव बरामद नहीं हो सका है। वही इस मामले को लेकर प्रधान फराहीम चौधरी ने बताया कि इस दुखद घटना से निशांत त्यागी के दादा राजेंद्र त्यागी और परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। घटना से पूरे गांव में शोक की लहर है।

# बीएसपी सदस्यता अभियान

असदुल्लाह सिद्दीकी

**डुमरियागंज/ सिद्धार्थनगर।** बसपा ने गांव चलो सदस्यता अभियान शुरू किया है।इसके तहत गांव-गांव जाकर चौपाल लगाकर बैठकें की जा रही हैं। बसपा का लक्ष्य आगामी होने वाले चुनावों पर है जिसमें इस बार गांवों को फोकस किया जा रहा है। अब पार्टी गांवों के सहारे आगामी चुनाव जीतने की योजना पर काम शुरू किया है।

बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री कु मायावती के दिशा-निर्देश पर बूथ स्तर पर सदस्य बनाने का अभियान शुरू किया गया हर बूथ पर पांच यूथ बनाने में कार्यकर्ता दिन रात मेहनत से लगकर काम कर रहे हैं। उक्त बातें बसपा नेता विधानसभा प्रभारी डुमरियागंज इन्द्रजीत गौतम ने डुमरियागंज विधानसभा क्षेत्र के खुनखुन चौराहा बयारा चौराहा पर चौपाल के दौरान लोगों को पार्टी का सदस्य बनाया गया और चौपाल के दौरान बसपा नेता पूर्व जिला महासचिव शमीम अहमद ने कहा कि भाजपा सरकार में मंहगाई चरम सीमा पर है कानून नाम की कोई चीज नहीं है हर तरफ जंगल राज है हत्या लूट डकैती आम बात हो गई है जनता भाजपा सरकार से छुटकारा पाने के लिए समय का इन्तजार कर रही है आने वाले दिनों में बहुजन समाज पार्टी की सरकार बनना तय है हम सभी कार्यकर्ता साथी दिन रात मेहनत कर के अपना अपना बूथ करो मजबूत अभियान में लग जायें तभी समतामूलक समाज की संस्थापना होगी। इस दौरान बसपा के पूर्व जिला सचिव विजयपाल कन्नौजिया, प्रिंस अंबेडकर, मोहम्मद कैफ, अशोक कुमार बौद्ध सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# इंस्टाग्राम लिंक से शुरू हुई ठगी, महिला क्लर्क से साइबर ठगों ने उड़ाए एक लाख रुपये

वेलकम इंडिया/सुनील गुप्ता




**बरेली।** साइबर अपराधी लगातार नए-नए तरीके अपनाकर आमजन को अपना शिकार बना रहे हैं। ताजा मामला थाना सीबीगंज क्षेत्र की वेस्ट एंड कॉलोनी निवासी स्वाति पांडे के साथ हुआ है, जिनसे साइबर ठगों ने 1.02.961 रुपए की ऑनलाइन ठगी कर ली। पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर न्याय की गुहार लगाई है। एसएसपी के आदेश पर थाना सीबीगंज में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। स्वाति पांडे डायट ऑफिस शाहजहांपुर में वरिष्ठ लिपिक के पद पर कार्यरत हैं। उन्होंने बताया है कि 27 अप्रैल की सुबह करीब 9 बजे उनकी बेटी राधिका पांडे इंस्टाग्राम चला रही थी, तभी एक संदिग्ध लिंक आया, जिस पर क्लिक कर दिया गया। इसके बाद घटनाओं की ऐसी कड़ी शुरू हुई जिसने पूरे परिवार को मानसिक तनाव में डाल दिया। अगले ही दिन एक व्यक्ति ने कॉल कर खुद को ≈रेहान खां≈ बताया और कहा कि यूके और कनाडा से उनका पार्सल आया है, जिसका कस्टम चार्ज 10,000 रुपए है। जब स्वाति पांडे ने इस प्रकार के किसी पार्सल को लेकर इनकार किया तो उन्हें कानूनी कार्रवाई की धमकी दी गई। डर के मारे उन्होंने 29 अप्रैल को 10,000 रुपए ऑनलाइन ट्रांसफर कर दिए। जिसके बाद साइबर ठग ने पीड़िता को बार-बार कॉल कर डराना शुरू कर दिया। कुल 14 बार कॉल करके विभिन्न बहानों से रकम मंगाई गई, जिससे 1,02,961 रुपए की ठगी हो गई। पीड़िता ने बताया है कि सभी ऑनलाइन भुगतानों के स्क्रीनशॉट उनके पास सुरक्षित हैं ।इतना ही नहीं, पीड़िता को अब भी धमकी भरे कॉल आ रहे हैं कि अगर वह बात नहीं मानेंगी तो उन्हें झूठे मुकदमे में फंसा दिया जाएगा। परेशान होकर स्वाति पांडे ने एसएसपी कार्यालय जाकर शिकायती पत्र दिया, जिसके आधार पर थाना सीबीगंज में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। ये मामला फिल्हाल साइबर सेल को सौंप दिया गया है और जांच शुरू कर दी गई है।

# थाना महुली पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुए नाबालिग को बहला फुसलाकर भगा ले जाने व दुष्कर्म करने के मामले में वाँछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार

वेलकम इंडिया

**संतकबीरनगर।** जनपद में मिशन शक्ति अभियान के अन्तर्गत महिलाओं पर अपराधों के रोकथाम हेतु पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना द्वारा चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह के मार्गदर्शन व क्षेत्राधिकारी धनघटा प्रियम राजशेखर पाण्डेय के निकट पर्यवेक्षण में थाना महुली उ0नि0 जगरन्नाथ सिंह यादव, का0 राजमंगल यादव ने मु0अ0सं0झ200/2025 धारा 87, 137(2), 64(2)ट बीएनएस व 5एल/6 पाक्सो एक्ट तथा 3(2)(5), 3(2)5क एससी/एसटी एक्ट थाना महुली के मामले में वांछित अभियुक्त प्रमोद पुत्र रामवचन साकिन भिटखिनी खुर्द केवटहिया थाना महुली को सोमवार को अगया उर्फ सिदाही मोड के पास से गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। विदित हो कि वादिनी द्वारा दिनाँक 10.06.2025 को थाना महुली पर वादिनी की नाबालिग पुत्री को अज्ञात द्वारा बहला फुसलाकर भगा ले जाने के सम्बन्ध में प्रार्थना पत्र देकर अभियोग पंजीकृत कराया गया था ।

थाना महुली पुलिस द्वारा साक्ष्य संकलन के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में सुसंगत धाराओं की बढोत्तरी कर महिला अपराध की संवेदनशीलता को देखते हुए त्वरित कार्यवाही करते हुए आज दिनाँक 21.07.2025 को उक्त अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायालय रवाना किया गया ।

# 'खाकी साथी' बना बरेली पुलिस का ब्रह्मास्त्र, महज 5 महीने में खोले 1194 राज

**बरेली।** बरेली पुलिस की एक अनोखी पहल ह्यखाकी साथी इन्फोलाइन ने पांच महीने के भीतर ही खुद को अपराध पर लगाम कसने का सबसे भरोसेमंद हथियार साबित किया है। 26 जनवरी 2025 को लॉन्च हुई इस हाईटेक सूचना प्रणाली ने 15 जुलाई तक 67,555 कॉल्स के जरिए 1,194 अहम सुराग जुटाकर पुलिस के लिए बड़ी कामयाबी का रास्ता खोल दिया। एसएसपी अनुराग आर्य के निर्देशन में शुरू की गई यह व्यवस्था आम जनता और पुलिस के बीच संवाद को मजबूत करने का जरिया बनी है। कई लोग जो सीधे थाने या अधिकारियों से नहीं जुड़ पाते, उन्होंने खाकी साथी के जरिए न सिर्फ अपनी बातें रखीं, बल्कि अपराध रोकने में अहम भूमिका भी निभाई।

# नहर में पानी नहीं छोड़े जाने से नाराज ग्रामीणों ने शुरू किया धरना प्रदर्शन

वेलकम इंडिया

**संतकबीरनगर।** सरयू नहर खंड नंबर 3 आमबारी से मुजहना होते हुए रक्शाकला नहर में पानी नहीं छोड़े जाने से नाराज ग्रामीणों ने समाजसेवी रिजवान मुनीर और प्रधान प्रतिनिधि मुहम्मद सुलेमान चौधरी के नेतृत्व में किसानों ने अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। इस दौरान समाजसेवी रिजवान मुनीर ने कहा किसानों की धान की फसल बरसात नहीं होने के कारण सूखने के कगार पर है नहर में पानी नहीं छोड़े जाने से किसानों को परेशानी झेलनी पड़ रही है। नहर में पानी छोड़े जाने तक धरना प्रदर्शन जारी रहेगा। इस अवसर पर काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।



# कांवड़ यात्रा में एनसीसी कैडेट्स का निरंतर सहयोग जारी

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर( अनिल वशिष्ठ)।** यातायात नियंत्रण एवं आवागमन व्यवस्था में प्रशासन का लगातार सहयोग कर रहे 35 यू पी वाहिनी एन सी सी मोदीनगर के डा के एन मोदी साइंस एंड कॉमर्स कॉलेज मोदीनगर के एन सी सी कैडेट्स वाहिनी के कमान अधिकारी कर्नल पी के सिंह एवं कॉलेज प्रधानाचार्य एस सी अग्रवाल के निर्देशन एवं कॉलेज के एन सी सी अधिकारी प्रवीण जैनर एवं लै० राजीव जांगिड़ के नेतृत्व में पुलिस प्रशासन का लगातार सहयोग कर रहे है ।कैडेट्स की लगन, निष्ठा, अनुशासन एवं कार्य की, समाज के लोगों के साथ साथ प्रशासनिक अधिकारियों के द्वारा भूरी भूरी प्रशंसा की जा रही है। विदित हो कि प्रशासन का सहयोग करने के लिए एन सी सी कैडेट्स, एन सी सी के ध्येय एकता और अनुशासन के साथ चौथी बार सावन मास में कांवड़ यात्रा के दौरान कांवड़ियों को सुरक्षित अपने गंतव्य तक पहुँचाने में एवं लोगों की सुरक्षा के लिए यातायात नियंत्रण एवं प्रशासनिक व्यवस्था में आरंभ से ही सहयोग दे रहे हैं ।मोदी कॉलेज के एन सी सी अधिकारी प्रवीण जैनर ने बताया कि 65 एन सी सी कैडिटस शहर में विभिन्न चौराहों एवं कटों पर सुबह 7 बजे से 12 बजे तक तथा शाम को 5 बजे से 10 बजे तक स्वैच्छिक रूप से अपनी सेवाएं दे रहे हैं। एन सी सी के इस कार्य के लिए सभी मुक्त कंठ से प्रशंसा करते हुए उन्हें राष्ट्र निर्माण के कार्यों में योगदान देने के लिए आगे आने हेतु प्रेरित करने का कार्य किया जा रहा है ताकि वे भविष्य में अपने राष्ट्र के निर्माण में और बेहतर योगदान दे सकें। इस दौरान लेफि्टनेंट राजीव जांगिड़, कैडेट श्याम, पुष्कर, निकुंज, यश बैसोया, कार्तिक, लक्ष्य ,अभी लांबा, आयुष अवध गिरि, देव सैनी, अनमोल त्यागी, साजिद, समीर मालिक, वंश, हर्ष, विक्की आदि का विशेष सहयोग रहा।

# डॉ राम मनोहर लोहिया कॉलेज में शिव भक्तों के लिए निशुल्क दवाई वितरण



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर( अनिल वशिष्ठ)।** डॉ राम मनोहर लोहिया कॉलेज ऑफ फामेर्सी के परिसर में सभी शिव भक्त कांवड़ियों के लिए एक शिविर का आयोजन किया गया ।इस शिविर में कांवड़ियों को सभी मेडिकल संबंधित सेवाएं निशुल्क प्राप्त कराई गई। इस शिविर का आयोजन कॉलेज की डायरेक्टर जनरल डॉक्टर अपर्णा शर्मा, एच ओ डी जितेंद्र कुमार एवं मयंक सिंघल के प्रतिनिधित्व में किया गया। इस शिविर में कॉलेज के सभी छात्र-छात्राओं ने सभी कांवरियों का निशुल्क स्वास्थ्य प्रशिक्षण किया। छात्र-छात्राओं के साथ कॉलेज के सभी शिक्षक गण भी इस शिविर में उपस्थित रहे प्रबंधक अमित अग्रवाल ने सभी शिव भक्त कांवड़ियों को उनकी पावन कावड़ यात्रा के लिए उन्हें बधाई दी।

# विश्व हिंदू महासंघ के जिला अध्यक्ष राजेंद्र शर्मा का किया स्वागत



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर ( अनिल वशिष्ठ)।** विश्व हिंदू महासंघ के गाजियाबाद जिला अध्यक्ष राजेंद्र शर्मा का ओम शिव कावड़ समिति गोविंदपुरी के अभिनव कौशिक (नगर उपाध्यक्ष), पाटू भाई, टिंकू ठाकुर ,गोविंद भारद्वाज, बाबूराम शर्मा , महेश जोशी द्वारा भव्य स्वागत किया गया। जिला अध्यक्ष राजेंद्र शर्मा ने महासंघ के कार्यकताओं से कहा कि वे संगठन की नीति एवं कार्यक्रम को जन-जन तक पहुंचाएं और साथ ही भारतीय संस्कृति और सभ्यता को आगे बढ़ाने काम करें। इस मौके पर उन्होंने कहा कि कावड़ यात्रा धार्मिक यात्रा है और कांवरिया बड़े प्रेम और भाव से भोले शंकर का नाम लेते हुए हरिद्वार से जल लेकर आते हैं। सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है कावड़ सेवा शिविर में जो लोग शिव भक्तों की सेवा कर रहे हैं,वही भगवान की सच्ची भक्ति है।

## हरिद्वार से अहार तक चिकित्सा कैंप लगाने को सेवकों का जत्था हरिद्वार रवाना



**बुगरासी।** सोमवार 21जुलाई को क्षेत्र के गांव रवानीकटीरी से हरिद्वार से अहार तक शिवभक्तों के लिए विश्व सनातन हिंदू फाउंडेशन द्वारा दसवां निशुल्क चिकित्सा कैंप लगाकर सेवा प्रदान करने के लिये सेवकों का जत्था हरिद्वार को रवाना हो चुका है। जानकारी के अनुसार 22जुलाई को विश्व सनातन हिंदू फाउंडेशन के अध्यक्ष ज्ञानेश चौहान व महिला विंग अध्यक्ष अमृता चौहान व हिमानी चौहान अन्य कार्यकताओं के साथ ब्रजघाट निशुल्क चिकित्सा शिविर मे भाग लेंगे। उन्होंने यह भी बताया कि 23 जुलाई शिवरात्रि तक निशुल्क चिकित्सा शिविर सेवा प्रदान करते रहेगें। साथ जाने वाले सेवकों में आशीष चौहान उत्तम कुमार कौशल प्रताप चौहान व कांती कुमार रहेंगे।

# कांवड़ सेवा शिविरों में शिवभक्तों को परोसे जा रहे पौष्टिक व लजीज खाद्य व्यंजन, चिकित्सा की भी है सुविधा

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर ( अनिल वशिष्ठ)।** मोदीनगर के सीमावर्ती ग्राम कादराबाद में अबुपुर तक तथा मुरादनगर में गंगनहर पुल से ग्राम सैंतली तक मेरठ-दिल्ली मुख्य मार्ग पर लगे तीन दर्जन से अधिक छोटे-बड़े कांवड़ सेवा शिविरों में आने वाले श्रद्धालु शिवभक्तों कांवड़ियों की भरपूर सेवा-सुश्रुषा के साथ उन्हें पौष्टिक व लजीज खाद्य व्यंजन परोसे जा रहे हैं।

कई कांवड़ सेवा शिविरों में उनके स्नान, विश्राम तथा चिकित्सा आदि की भी पर्याप्त सुविधाएं उपलब्ध हैं। कांवड़ सेवा शिविरों में स्वच्छता व शुद्धता का भी पूरा ध्यान रखा जा रहा है। कहीं दाल मखनी, नान, तंदूरी रोटी दी जा रही है तो कहीं पर पूड़ी, सब्जी, देशी घी का हलुआ, दूध, फल आदि परोसे जा रहे हैं। कहीं पर गर्म जलेबी, इमरती, गुलाब जामुन आदि दिए जा रहे हैं।

श्रद्धालुजन पलक-पांवड़े बिछाकर कांवड़ियों का स्वागत कर उन्हें सम्मान भोजन करा रहे हैं। तेल मिल गेट के निकट शिव कावड़ सेवा शिविर में गोकुल डेरी के संचालक नवीन गर्ग अपने परिवार के साथ शिव भक्त कांवड़ियों को शाम के समय दूध का वितरण किया। नवीन गर्ग ने कहा कि वह पिछले कई रोज से शिव भक्त कांवड़ियों की सेवा में दूध का वितरण कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि शिवभक्तों की सेवा करने में जो आनंद प्राप्त होता है वही भगवान की भक्ति का सच्चा आनंद है।

# पुलिस ने तीन वाहन चोर किए गिरफ्तार



वेलकम इंडिया

**अहमदगढ़/बुलंदशहर/**थाना अहमदगढ पुलिस द्वारा संदिग्ध वाहन/व्यक्तियों की चैकिंग के दौरान सौरखा गेट से खेलिया की तरफ बम्बे की पुलिया पर 03 शातिर वाहन चोरों को चोरी की 01 मोटरसाइकिल, व 2687 अल्प्राजोलम नशीली गोलियों सहित गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों की गिरफ्तारी व बरामदगी के संबंध में थाना अहमगदगढ पर मुअसं-219/25 धारा 317(2) बीएनएस व 21/22 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत करते हुए अभियुक्तों को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है। गिरफ्तार अभियुक्तों के नाम इन्तजार पुत्र मुस्ताक निवासी मौ0 निचियान पक्की गढी कस्बा व थाना अतरौली जनपद अलीगढ हाल निवासी ग्राम बरारी थाना अहमदगढ जनपद बुलन्दशहर दानिश पुत्र मुफीज निवासी ग्राम बरारी थाना अहमदगढ जनपद बुलंदशहर सद्दाम पुत्र फरमान निवासी ग्राम बरारी थाना अहमदगढ जनपद बुलंदशहर के रहने वाले है।

# पुरा परशुरामेश्वर महादेव मंदिर दिनेश कुमार गोयल 43 वर्षो से निरन्तर सेवा में



वेलकम इंडिया

**गाज़ियाबाद ( अनिल वशिष्ठ)।** दिनेश कुमार गोयल सदस्य विधान परिषद द्वारा पुरा परशुरामेश्वर महादेव जनपद बागपत में भोले बाबा के आशीर्वाद से अपने पूर्वजों द्वारा 43 वर्षों से निरंतर चलाए जा रहे भंडारे का पुरा परशुरामेश्वर महादेव मंदिर बागपत पर विधि विधान से भंडारे का आयोजन किया जा रहा है,जो आगे भी निरंतर चलता रहेगा आज भंडारे का दूसरा दिन था 23 जुलाई शिवरात्रि तक चलेगा। दिनेश कुमार गोयल द्वारा कहा गया कि भगवान भोलेनाथ का आशीर्वाद सभी भक्तों पर बना रहे और मुझे बाबा के आशीर्वाद से बाबा का भंडारा करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ।

# भोले हरिद्वार से जल भरकर अपने गंतव्य को रवाना



वेलकम इंडिया

**बुगरासी।** हरिद्वार से जल भरकर कांवड लाने वाले भोले अपने अपने गंतव्य को रवाना हो चुके हैं। भोलों के जयकारों से हरिद्वार से अहार तक का क्षेत्र शिवमय हो गया है। हरिद्वार से अहार तक भोलों की सुरक्षा व हर सुख सुविधा के लिए अनेकों स्थानों पर कैंप व भंडारों का आयोजन किया गया है ।इन भंडारों मे पास पड़ोस के आने जाने वाले भी लाभ उठा रहे है। भोले सैंकड़ों किलोमीटर की पैदल यात्रा कर चूर चूर हो जाते है ।ये भोले कुछ समय आराम करने के लिये कैंपों का सहारा लिया जाता है। किसी किसी भोले के पैरों मे तो छाले भी पड जाते है ।पैर मे छाले पडे भोलों को बहुत बढ़िया सुविधाएं दी जाती है ।छालो पर दवा लगाकर पट्टी बांधकर इलाज किया जाता हैं ।22 जुलाई की शाम तक सभी भोले अपनी कांवड अहार महादेव मंदिर पर चढाने पहुंच जायेंगे। 23जुलाई शिवरात्रि को महादेव मंदिर में जलाभिषेक कर अपने अपने घर वापिस पहुंच जायेंगे।

# भूजल सप्ताह के तहत एनवायरमेंट क्लब ने लगाई जल चौपाल

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर( अनिल वशिष्ठ)।** एनवायरमेंट क्लब गाजियाबाद व भूगर्भ जल विभाग के संयुक्त तत्वाधान में कुशलिया गांव, मुरादनगर में जल चौपाल का आयोजन किया गया। जिसमें जिला विकास अधिकारी प्रज्ञा श्रीवास्तव मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं। उन्होंने ग्रामीणों से दैनिक गतिविधियों में जल संरक्षण करने का आग्रह किया। जल चौपाल को संबोधित करते हुए एक क्लब संस्थापक सावन कनौजिया ने कहा कि आज पानी हमसे दूर होता जा रहा है, हमें यह समझना होगा कि यदि पानी को नहीं बचाया गया तो भविष्य में मानव जीवन पर संकट गहराएगा। कहा कि खुल्ले पाइप से पानी का कोई कार्य ना करें बल्कि किसी बर्तन यह बाल्टी में पानी लेकर उपयोग करें। गाँव के तालाब/ कुओं को स्वच्छ रखें उसमें कूड़ा ना फेंके, लोगों से अपनी दैनिक जीवनचर्या में पानी को बचाने की हरसंभव कोशिश करने के लिए प्रेरित किया गया। भूगर्भ जल विभाग, गौतमबुद्ध नगर खंड की सहायक भूभौतिकीविद् सृष्टि जायसवाल ने इस वर्ष की भूजल सप्ताह की थीम जल सुरक्षित तो कल सुरक्षित पर प्रकाश डाला और कहा कि तालाब धरती में पानी भेजने के श्रेष्ठ स्त्रोत हैं इसलिए हमें तालाबों और प्राकृतिक जल स्त्रोतों को स्वच्छ रखना ही होगा और प्रयास कर हमें बारिश के पानी को भी सहेजना चाहिए। सभी को जल संरक्षण की शपथ भी दिलाई गई। इस अवसर पर ग्राम प्रधान आमिर अहमद, जिला विकास अधिकारी प्रज्ञा श्रीवास्तव, सृष्टि जायसवाल, क्लब संस्थापक सावन कनौजिया, कार्यक्रम समन्वयक उत्कर्ष शर्मा, लक्ष्य निचंत, यश शर्मा, आकिब, तुषार आदि मौजूद रहे।

# सपा कार्यकताओं द्वारा कांवड़ियों स्वागत किया

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर( अनिल वशिष्ठ)।** समाजवादी पार्टी मोदीनगर के विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष देवव्रत धामा व युवजन सभा के विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष पुनीत वर्मा एवं कार्यकताओं के द्वारा समाजवादी पीडीए काँवड का मोदीनगर में स्वागत। नोएडा के समाजवादी कार्यकताओं द्वारा समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के पिछड़े, दलित व आधी आबादी के हक हकूक की लड़ाई के साथ धार्मिक आस्था व शिव की भक्ति की प्रतीक के रूप मैं नोएडा से चलकर हरिद्वार गंगा जी से गंगाजल भरकर आ रही काँवड का मोदीनगर में फूल बरसाकर व समाजवादी कार्यकताओं ने स्वागत किया। स्वागत करने वालों में देवव्रत धामा, विधानसभा क्षेत्र सचिव बादल ठेकेदार, मास्टर जावेद, मुनीश ठेकेदार, दीनू खान, प्रदीप जाटव आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# कांवड़ यात्रा में अधिकारियों ने निभाई भागीदारी, पुष्पवर्षा से हुआ शिवभक्तों का अभिनंदन

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** सावन की आस्था और शिवभक्तों की श्रद्धा का जब प्रशासनिक सम्मान से संगम होता है, तो नजारा सिर्फ धार्मिक नहीं, ऐतिहासिक बन जाता है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप गाजियाबाद में इस बार कांवड़ यात्रा का ऐसा ही दृश्य देखने को मिला, जब शिवभक्तों पर आसमान से पुष्पवर्षा कर उनका अभिनंदन किया गया। यह सम्मान न केवल भक्तों के उत्साह को बढ़ाने वाला था, बल्कि एक संवेदनशील और भागीदारी पर आधारित प्रशासनिक दृष्टिकोण का जीवंत उदाहरण भी बन गया। जिलाधिकारी दीपक मीणा और एडिशनल पुलिस कमिश्नर आलोक प्रियदर्शी ने हेलीकॉप्टर से स्वयं पुष्पवर्षा कर यह संदेश दिया कि शासन-प्रशासन सिर्फ कानून व्यवस्था का ही नहीं, संस्कृति और श्रद्धा के सम्मान का भी जिम्मेदार स्तंभ है। पुष्पवर्षा का यह अलौकिक दृश्य श्री दूधेश्वरनाथ मंदिर, मेरठ तिराहा, राजनगर एक्सटेंशन चौराहा,

> जब प्रशासन उनके स्वागत में फूल बरसाए और अधिकारी स्वयं सहभागिता करें, तो यह न केवल उनकी संवेदनाओं का सम्मान है, बल्कि एक जनकल्याणकारी शासन की सुंदर परिभाषा भी है। जिन श्रद्धालुओं ने इस पुष्पवर्षा को प्रत्यक्ष अनुभव किया, उनके अनुसार यह अनुभव उन्हें जीवन भर स्मरण रहेगा।

मननधाम मंदिर, दुहाई कट, मुरादनगर गंगनहर घाट, तथा गंगनहर पटरी मार्ग सहित जिले के सभी प्रमुख कांवड़ मार्गों पर देखा गया। जैसे ही हेलीकॉप्टर से गुलाब और गेंदा पुष्पों की वर्षा आरंभ हुई, नीचे चल रहे शिवभक्तों की आंखों में भाव-विभोर श्रद्धा और होंठों पर ३हर हर महादेव३ के गगनभेदी उद्घोष गूंज उठे। हर ओर भक्तों के चेहरों पर आश्चर्य मिश्रित आनंद, आशीर्वाद जैसी अनुभूति और भक्ति का चरम रूप देखने को मिला। यह दृश्य न केवल भक्तों के लिए अविस्मरणीय बन गया, बल्कि पूरे शहर को आस्था और प्रशासन के एक भावात्मक बंधन से जोड़ गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा कांवडियों के सम्मान और सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता दिए जाने के निर्देश के तहत जनपद प्रशासन ने इस यात्रा को एक सांस्कृतिक पर्व की गरिमा के अनुरूप आकार देने में कोई कसर नहीं छोड़ी। प्रशासन की ओर से यातायात प्रबंधन, चिकित्सा सुविधा, पेयजल, रात्रि विश्राम व्यवस्था और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए। परंतु हेलीकॉप्टर से पुष्पवर्षा जैसी पहल ने इस व्यवस्था में स्नेह और श्रद्धा की आत्मा भर दी। कांवड़ यात्रा कोई सामान्य आयोजन नहीं, बल्कि एक आध्यात्मिक जनज्वार है, जिसमें करोड़ों शिवभक्त हर साल अपनी आस्था लेकर निकलते हैं।



## श्रावण मास की आस्था हो या जनता की शिकायतें, हर मोर्चे पर दिखी जमीनी सक्रियता और जिम्मेदार नेतृत्व

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** श्रावण मास का पवित्र पर्व, कांवड़ यात्रा की धार्मिक ऊर्जा और दुधेश्वरनाथ मंदिर में उमड़ती श्रद्धालु भीड़ इन सभी को समेटने के लिए गाजियाबाद पुलिस प्रशासन पूरी शिद्दत से दिन राज जुटा हुआ है। इसी क्रम में पुलिस उपायुक्त नगर धवल जायसवाल ने दुधेश्वरनाथ मंदिर परिसर का स्थलीय निरीक्षण कर सुरक्षा इंतजामों की गहराई से समीक्षा की। डीसीपी सिटी ने मंदिर के चारों ओर की यातायात व्यवस्था, पार्किंग की सुविधा, महिला सुरक्षा, सीसीटीवी कवरेज, बैरिकेडिंग, तथा आपात निकासी मार्ग तक को स्वयं परखा। उनके साथ सम्बंधित थाना प्रभारियों एवं पुलिस टीमों ने भी निरीक्षण किया। डीसीपी सिटी ने कहा कि श्रद्धालुओं को न केवल सुरक्षा देनी है, बल्कि उन्हें एक सहज, भयमुक्त और व्यवस्थित अनुभव भी देना है। हमारी प्राथमिकता है कि धार्मिक उत्सव में कोई बाधा न आए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों को निर्देश दिया कि भीड़ नियंत्रण, मेडिकल सहायता, एवं ट्रैफिक डायवर्जन प्लान को अपडेटेड और एक्टिव मोड में रखा जाए। स्थानीय प्रशासन, नगर निगम एवं मंदिर समिति से भी सामंजस्य बनाए रखने को कहा गया। पुलिस आयुक्त द्वारा जनता से सीधा संवाद अभियान के तहत, डीसीपी सिटी धवल जायसवाल ने सोमवार को अपने कार्यालय में लोगों की समस्याएं सुनीं और उनकी शिकायतों को न केवल गंभीरता से लिया, बल्कि सम्बंधित अधिकारियों को स्पष्टीकरण के साथ समयबद्ध समाधान हेतु निर्देशित किया। एक दर्जन से अधिक नागरिकों ने जमीन विवाद, साइबर ठगी, थाना स्तर की अनदेखी, और ट्रैफिक संबंधी मुद्दों को लेकर आवेदन प्रस्तुत किए। सभी को पावती पत्र के साथ कार्रवाई की जानकारी दी गई।

## 101 मंदिरों के पुनर्जागरण की ओर एक दिव्य कदम: संकट मोचन मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ बना भक्ति, सेवा और समर्पण का संगम

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** पांडव नगर, मेहरौली स्थित सुखसागर फार्म हाउस के निकट संकट मोचन हनुमान मंदिर में एक दिव्य और ऐतिहासिक धार्मिक आयोजन का समापन भक्तिमय वातावरण में हुआ। यह आयोजन डीपीएस कंस्ट्रक्शन के पार्टनर व समाजसेवी प्रमोद चौधरी द्वारा संचालित क्राउड फाउंडेशन चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से 101 प्राचीन मंदिरों के जीर्णोद्धार मिशन की कड़ी में किया गया। 15 जुलाई से शुरू होकर 21 जुलाई तक सात दिनों तक चले प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ ने पूरे क्षेत्र को शिव-हनुमत भक्ति से सराबोर कर दिया। नवप्राण प्रतिष्ठित संकट मोचन हनुमान मंदिर के परिसर में दिन-रात यज्ञ, भजन, कीर्तन, धार्मिक प्रवचन, सुंदरकांड पाठ, और आस्था से ओतप्रोत अनुष्ठानों का ऐसा संगठित स्वरूप देखने को मिला, जिसने उपस्थित श्रद्धालुओं के मन को भाव-विभोर कर दिया। क्षेत्रीय जनमानस में इस आयोजन को लेकर गहरी आस्था और उत्साह देखा गया, जो भक्तों की उपस्थिति और श्रद्धा से साफ परिलक्षित हुआ। प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में महंत यति नरसिंहानंद सरस्वती की अगुवाई में विधिवत पूजन और यज्ञ संपन्न कराया गया। कार्यक्रम में अनेक विशिष्ट हस्तियों और धार्मिक, सामाजिक तथा व्यापारिक क्षेत्रों की विभूतियों ने भी भाग लेकर भगवान हनुमान जी का आशीर्वाद प्राप्त किया। पूर्व महापौर आशु वर्मा, व्यापारी नेता महेश आहूजा, रेलवे बोर्ड के सदस्य बालकिशन गुप्ता, राष्ट्रीय व्यापार मंडल के उत्तर प्रदेश उपाध्यक्ष पंडित अशोक भारतीय, प्रदेश महामंत्री सौरभ यादव, और कई अन्य गणमान्य लोगों ने अपने सपरिवार हनुमान जी के दर्शन किए और कार्यक्रम को गरिमा प्रदान की। प्राण प्रतिष्ठा समारोह का विशेष आकर्षण रहा सावन के दूसरे सोमवार को कावड़ महापर्व के अवसर पर आयोजित विशाल भंडारा, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया।

## दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे का एक लेन कांवडियों के लिए आरक्षित

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** सावन के रंग में पूरी तरह रंग चुका है, और जैसे-जैसे कांवड़ यात्रा अपने चरम पर पहुँच रही है, वैसे-वैसे शिवभक्तों का सैलाब भी सड़कों पर उमड़ रहा है। ऐसे में एक ओर जहां श्रद्धा की गूंज ३हर हर महादेव३ से वातावरण को भक्तिमय बना रही है, वहीं दूसरी ओर गाजियाबाद कमिश्नरेट पुलिस प्रशासन पूरी संजीदगी से इस ऐतिहासिक यात्रा को सुरक्षित, सुगम और व्यवस्थित बनाए रखने में कोई कसर नहीं छोड़ रहा है। यात्रियों की संख्या में अप्रत्याशित वृद्धि को देखते हुए पुलिस ने एक बड़ा और सराहनीय फैसला लिया है। दिल्ली-



मेरठ एक्सप्रेसवे की मेरठ से दिल्ली की ओर जाने वाली सड़क को पूरी तरह कांवड़ यात्रियों के लिए सुरक्षित कर दिया गया है। यह निर्णय न केवल शिवभक्तों की सुरक्षा के लिए अहम है, बल्कि प्रशासनिक सतर्कता और संवेदनशीलता का भी प्रमाण है। इस पूरी योजना की कमान एडीसीपी ट्रैफिक सच्चिदानन्द बर्नवाल ने स्वयं अपने हाथों में ले ली है। उन्होंने ना केवल स्थिति का आकलन किया है, बल्कि निजी नेतृत्व में यातायात नियंत्रण और कांवडियों के संचालन की रणनीति को लागू भी कर दिया है। सच्चिदानन्द बर्नवाल की कार्यशैली में निर्णय क्षमता, जमीनी समझ और संवेदनशीलता का ऐसा समावेश है, जो उन्हें एक कर्मठ और व्यावहारिक पुलिस अधिकारी बनाता है। श्री बर्नवाल ने स्पष्ट कहा कि कांवड़ यात्रा केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि एक सामूहिक जनभावना की अभिव्यक्ति है, और इसे सहजता से सम्पन्न कराना प्रशासन का कर्तव्य है। उन्होंने बताया कि गाजियाबाद सीमा से गुजरने वाले हर शिवभक्त की सुरक्षा, सुविधा और सम्मान को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर जहां एक ओर पूरी सतर्कता बरती जा रही है, वहीं मेरठ रोड कांवड़ मार्ग पर अतिरिक्त फोर्स, बैरिकेडिंग और ट्रैफिक डायवर्जन की व्यवस्थाएं भी कर दी गई हैं।

## कौशांबी में सिग्नल तोड़ स्कूटी सवार पिता-बेटी को रौंदा, फरार

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** शहर की सड़कों पर तेज रफ्तार का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा है। कौशांबी थाना क्षेत्र में एक बेकाबू स्कोडा कार चालक ने ट्रैफिक सिग्नल तोड़ते हुए स्कूटी सवार पिता-बेटी को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। यह हादसा 19 जुलाई की रात करीब साढ़े आठ बजे हुआ, जब पीड़ित अपने घर लौट रहे थे। घटना करहेड़ा निवासी जितेंद्र बड़ादा और उनकी बेटी रितिका के साथ हुई। दोनों दिल्ली से स्कूटी पर सवार होकर घर लौट रहे थे, तभी लिंक रोड स्थित डाबर तिराहे के पास पीछे से आई तेज रफ्तार स्कोडा कार ने उनकी स्कूटी को सीधा टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि पिता-पुत्री दोनों सड़क पर गिर पड़े और बुरी तरह घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, कार चालक ने ट्रैफिक सिग्नल तोड़ते हुए बेहद लापरवाही से वाहन दौड़ाया और हादसे के बाद मौके से फरार हो गया। हैरानी की बात यह है कि जिस समय यह हादसा हुआ, उस समय मौके पर मौजूद सिपाही विजय सिंह ने घायलों की मदद जरूर की, लेकिन आरोपी को पकडे में नाकाम रहे। घायलों को पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। जितेंद्र और उनकी बेटी की हालत अब भी गंभीर बनी हुई है। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने कार नंबर के आधार पर आरोपी चालक की पहचान करने की कोशिश शुरू कर दी है और उसे जल्द गिरफ्तार करने का दावा कर रही है। यह हादसा न केवल तेज रफ्तार की लापरवाही का नतीजा है, बल्कि यह भी सवाल उठाता है कि ट्रैफिक सिग्नल और सड़क पर मौजूद पुलिस की मौजूदगी के बावजूद कोई कैसे इस तरह का दुस्साहस कर सकता है और बचकर भाग सकता है? क्या गाजियाबाद जैसे बड़े और संवेदनशील शहर में सड़क सुरक्षा केवल औपचारिकता बनकर रह गई है।

## रोटरी गाजियाबाद स्मार्ट सिटी का निःशुल्क कांवड़ व चिकित्सा सेवा शिविर शुरू

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** श्रावण मास की कांवड़ यात्रा के दौरान जब लाखों शिवभक्त हरिद्वार और गंगोत्री से गंगाजल लेकर अपने आराध्य भगवान शिव के दरबार की ओर बढ़ते हैं, तब उनके मार्ग की सबसे बड़ी आवश्यकता होती है सेवा, सहारा और श्रद्धा के साथ सुरक्षा। इस महान संकल्प को साकार कर रहा है रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद स्मार्ट सिटी, जिसने इस वर्ष भी 15 जुलाई से 23 जुलाई तक मनन धाम मंदिर के सामने एवं आशीर्वाद पाइप डिपो प्रा. लि. के निकट, मेरठ रोड पर निःशुल्क कांवड़ व चिकित्सा सेवा शिविर का आयोजन किया है। इस शिविर का संचालन राष्ट्रीय समाज एवं धार्मार्थ सेवा संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है, जिसमें दिन-रात 24 घंटे सेवा व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। शिविर में श्रद्धालुओं को निःशुल्क प्राथमिक चिकित्सा, दवाइयां, डॉक्टरी परामर्श एवं भोजन-भंडारा की सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। यह सेवा संकल्प सिर्फ एक सामाजिक



जिम्मेदारी नहीं, बल्कि सच्चे अर्थों में धार्मिक कर्तव्य और सेवा धर्म का स्वरूप है। गौरतलब है कि पिछले वर्ष इस सेवा शिविर में एक लाख से अधिक कांवडि ?ों की सेवा की गई थी, और इस बार भी आयोजकों को इतने ही शिवभक्तों के आगमन की पूर्ण आशा है। भीषण गर्मी, थकावट और स्वास्थ्य संकट के बीच यह शिविर हजारों कांवड़ यात्रियों के लिए शांति, सहायता और स्नेह की शरणस्थली बना हुआ है। रोटरी क्लब की अध्यक्ष भारती गर्ग, सचिव प्रवीण गोयल, और क्लब के अन्य प्रमुख सदस्य डॉ. राकेश छारिया, आशीष गर्ग, सारंग अग्रवाल, विकास गुप्ता, रीना अग्रवाल, मीनू गुप्ता, ममता अग्रवाल, सुजाता गर्ग और अनु अग्रवाल आदि ने स्वयं शिविर में उपस्थित रहकर सेवा भावना को जीवंत किया। साथ ही, राष्ट्रीय समाज एवं धार्मार्थ सेवा संस्थान के संस्थापक आचार्य डॉ. राहुल चतुर्वेदी ने भी शिविर स्थल पर पहुंचकर शिवभक्तों की सेवा में अपनी भूमिका निभाई और सभी स्वयंसेवकों का उत्साहवर्धन किया।

## सावन के दूसरे सोमवार को दूधेश्वरधाम में दस लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने किए बाबा दूधेश्वर के दर्शन

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** सोमवार को सावन मास की धार्मिक आभा ने गाजियाबाद को पूरी तरह शिवमय कर दिया। सिद्धपीठ श्री दूधेश्वरनाथ मठ महादेव मंदिर में सावन के दूसरे सोमवार को आस्था का अभूतपूर्व ज्वार देखने को मिला। देश के कोने-कोने से लाखों श्रद्धालु भगवान दूधेश्वर के दर्शनों और जलाभिषेक हेतु मंदिर पहुंचे। मंदिर परिसर से लेकर घंटाघर तक श्रद्धालुओं की लंबी-लंबी कतारें देखीं गईं, जिनमें भक्त बड़ी श्रद्धा से ३हर हर महादेव३ और ३बोल बम३ के जयकारे लगाते हुए आगे बढ़ रहे थे। मंदिर परिसर पूरी रात और दिनभर भक्ति की ऊर्जा से गुंजायमान रहा। भक्तों ने भगवान की पूजा-अर्चना, अभिषेक और दर्शन के बाद मंदिर के पीठाधीश्वर श्रीमहंत नारायण गिरि महाराज से भेंटकर उनका आशीर्वाद लिया। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए

> ■ अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि मंदिर में आने वाले किसी भी श्रद्धालु को असुविधा न हो।

मंदिर के कपाट रात्रि 12 बजे ही खोल दिए गए थे। इससे पूर्व स्वयं श्रीमहंत नारायण गिरि महाराज ने भगवान दूधेश्वर का विधिपूर्वक पूजन और अभिषेक किया। मंदिर के कपाट खुलते ही भक्तों की रेखाएं आगे बढ ? लगीं और रात्रि से ही भक्तों का तांता ऐसा लगा कि सोमवार प्रातः तक मंदिर की कतार घंटाघर तक पहुंच चुकी थी। पूरे मार्ग में शिवभक्तों का उत्साह, अनुशासन और आस्था देखते ही बनती थी। मंदिर के गर्भगृह में हर घंटे जलाभिषेक हो रहा था, तो वहीं बाहर भक्तों के स्वर गूंजते जा रहे थे। इस विशेष अवसर को और भी पावन बना दिया उस दिन बन रहे शुभ योगों ने। श्रीमहंत नारायण गिरि महाराज ने बताया कि सावन के दूसरे सोमवार को सर्वार्थ सिद्धि योग और अमृत सिद्धि योग जैसे अत्यंत शुभ संयोग एक साथ बन रहे थे, जिससे इस सोमवार का पुण्यफल और आध्यात्मिक महत्व कई गुना अधिक हो गया। उन्होंने यह भी कहा कि भगवान शिव को जलाभिषेक विशेष प्रिय है और सावन के सोमवार को ऐसा करने से समस्त पाप नष्ट होते हैं, सुख-समृद्धि आती है और मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। भोर में भगवान दूधेश्वर का विशेष श्रृंगार किया गया और दिल्ली द्वारका पुरी स्थित प्राचीन देवी मंदिर के महंत गिरिशानंद गिरि महाराज द्वारा धूप व दीप आरती की गई। इसके बाद भगवान को 56 व्यंजनों का भोग अर्पित किया गया। मंदिर परिसर में पूजा, मंत्रोच्चार, भजन-कीर्तन और अनुष्ठानों की दिव्य छटा देखते ही बन रही थी।



## शिवभक्तों पर महापौर व अधिकारियों ने की पुष्पवर्षा, कांवड़ यात्रा के लिए चाक-चौबंद तैयारियां

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** सावन की महिमा और शिवभक्तों की आस्था के संग शहर का प्रशासन भी पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ सहभागी बना हुआ है। कांवड़ यात्रा को पूर्णतः सुरक्षित, सुव्यवस्थित और श्रद्धा से परिपूर्ण रखने के लिए जिला प्रशासन, नगर निगम और पुलिस विभाग के आला अधिकारियों ने सोमवार को न केवल कांवड़ मार्गों का निरीक्षण किया, बल्कि श्रद्धालुओं के स्वागत में पुष्पवर्षा कर यह साबित कर दिया कि शासन, प्रशासन और जनता एक ही आस्था के सूत्र में बंधे हैं। मेरठ रोड तिराहा और श्री दूधेश्वर नाथ मंदिर स्थित कांवड़ कंट्रोल रूम का निरीक्षण करते हुए पुलिस कमिश्नर जे. रविन्द्र गौड़, जिलाधिकारी दीपक



मीणा, नगरायुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक, और मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल ने यात्रा के दौरान की जा रही व्यवस्थाओं का स्थलीय जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने साफ शब्दों में यह संदेश दिया कि कांवड़ यात्रा केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि जनभावनाओं का उत्सव है, जिसे शासन की पूर्ण जिम्मेदारी के साथ सम्पन्न कराना सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसी भावनात्मक वातावरण में नगर निगम गाजियाबाद द्वारा एक विशेष आयोजन किया गया, जिसमें महापौर सुनीता दयाल, पुलिस कमिश्नर,



जिलाधिकारी व नगरायुक्त सहित वरिष्ठ अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने कांवडि ?ों पर पुष्पवर्षा कर उनका अभिनंदन किया। यह दृश्य भक्तों के लिए एक आशीर्वाद की वर्षा जैसा अनुभव बना, जब आकाश से फूलों की वर्षा और चारों ओर ३हर हर महादेव३ के गूंजते जयकारे वातावरण को शिवमय कर रहे थे। इस अवसर पर पुलिस कमिश्नर जे. रविन्द्र गौड़ ने स्पष्ट कहा कि शिवभक्तों की सुरक्षा, सुविधा और शांति हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने पुलिस विभाग को विशेष सतर्कता बरतने, भीड़भाड़ वाले और संवेदनशील स्थलों पर पर्याप्त फोर्स की तैनाती सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उनके अनुसार हर शिवभक्त की यात्रा, उनकी श्रद्धा और विश्वास की रक्षा करना प्रशासन की नैतिक जिम्मेदारी है। जिलाधिकारी दीपक मीणा ने भी पूरी संजीदगी से यात्रियों के लिए बनाई जा रही व्यवस्थाओं की समीक्षा की और कहा कि कांवड़ यात्रा के दौरान यातायात व्यवस्था को अत्यंत सुगम और बाधारहित बनाए रखना जरूरी है। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि मार्गों की सफाई, रात्रि प्रकाश, चिकित्सा सुविधा, पेयजल और विश्राम की व्यवस्था में कोई कमी न छोड़ी जाए। डीएम ने दो टूक कहा कि श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए पूरा प्रशासनिक अमला पूरी निष्ठा के साथ तत्पर है।